


श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षो से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 14 अंक 27 | उज्जैन, गुरुवार 6 जुलाई 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

इंसान को केवल दो चीजें कामयाब बनाती हैं,एक अच्छी किस्मत और दूसरी कड़ी मेहनत, अच्छी किस्मत सबकी नहीं होती और कड़ी मेहनत सबसे नहीं होती....।।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो और जज, कॉलेजियम ने की जस्टिस उज्जवल और एसवी भट्टी के नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली/जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बुधवार को दो उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) के मुख्य न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एसवी भट्टी के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति भुइयां वर्तमान में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं, जबकि न्यायमूर्ति भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति भुइयां का पैरेंट हाई कोर्ट गुवाहाटी हाई कोर्ट है। उन्हें 17 अक्तूबर, 2011 को गुवाहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। वह अपने पैरेंट गुवाहाटी हाई कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और 28 जून, 2022 से तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। वहीं न्यायमूर्ति भट्टी को 12 अप्रैल, 2013 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और वह अपने मूल उच्च न्यायालय में सबसे वरिष्ठ हैं। मार्च, 2019 में उन्हें केरल उच्च न्यायालय में ट्रांसफर कर दिया गया और वर्तमान में पहली जून, 2023 से वह वहां मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया कि अगस्त, 2022 से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का उच्चतम न्यायालय में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

### भारत में धान के कटोरे पर मंडराया बड़ा खतरा, मानसून को कमजोर कर सकता है अल नीनो

**वाशिंगटन/जीएनएस।** संयुक्त राष्ट्र संघ की मौसम एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी दी है कि दुनियाभर की सरकारें आने वाले महीनों में खतरनाक मौसम और रिकार्ड तापमान के लिए तैयार रहें। एजेंसी ने यह चेतावनी अल नीनो को देखते हुए दी है। उसने कहा कि अल नीनो यही रहेगा और कहीं जा नहीं रहा है। इसमें भारत और एशिया के अन्य देशों को लेकर भी डराने वाली चेतावनी दी गई है। वैश्विक एजेंसी ने कहा कि धान की बड़े पैमाने पर खेती करने वाले भारत में अल नीनो मानसून को कमजोर कर सकता है। एजेंसी के महासचिव पेट्टरी तलास ने कहा कि अल नीनो के प्रभाव के शुरू होने पर इस बात का खतरा ज्यादा है कि तापामान बहुत अधिक बढ़ जाएगा और रिकार्ड टूटेंगे। इससे दुनिया के कई हिस्सों और समुद्र में बहुत गरम हवाएं चलेंगी। मौसम एजेंसी ने कहा कि अल नीनो की वजह से साल 2023 या 2024 में गर्मी के सारे रिकार्ड टूट सकते हैं। इस बात की 90 प्रतिशत संभावना है कि अल नीनो साल 2023 के बाद के छह महीने में भी जारी रह सकता है। अल नीनो की वजह से समुद्र गरम हो रहे हैं और लैटिन अमरीका महाद्वीप, अमरीका के दक्षिणी हिस्से, अफ्रीका और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों में बारिश काफी बढ़ सकती है, लेकिन इससे आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, दक्षिण एशिया, मध्य अमरीका और उत्तरी लैटिन अमरीका में भी भयानक सूखा भी पड़ सकता है। इससे खाद्यान का उत्पादन काफी गिर सकता है।

### ईडी के पास मनमानी शक्तियां, लगाम जरूरी, हरीश साल्वे ने उठाए सवाल, कोई सुरक्षित नहीं रहेगा

**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट में सवाल उठे हैं। एक मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने ईडी की शक्तियों पर सवाल उठाए हैं। साल्वे ने कहा कि ईडी के पास मनमानी शक्तियां हैं, अगर उन पर लगाम नहीं लगाई गई, तो देश में कोई सुरक्षित नहीं होगा। गुरुग्राम की कंपनी एम3एम के खिलाफ जारी पीएमएलए केस से जुड़ी कई याचिकाओं पर शीर्ष न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच कर रही थी। एम3एम समूह का पक्ष रखने कोर्ट पहुंचे एडवोकेट साल्वे ने कहा कि ईडी को ये शक्तियां दी गई हैं। अगर कोर्ट ने इन पर लगाम नहीं लगाई, तो देश में कोई भी सुरक्षित नहीं होगा। देखें किस तरह से गिरफ्तारियां हो रही हैं।

लाड़ली बहना सेनाएँ बनेंगी महिला सशक्तिकरण का माध्यम-मुख्यमंत्री श्री चौहान

# मुख्यमंत्री 10 जुलाई को इंदौर से सिंगल क्लिक द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि बहनों के खाते में अंतरित करेंगे

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाड़ली बहना सेनाएँ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार और महत्वपूर्ण माध्यम बनकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान 10 जुलाई को इंदौर से प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मासिक राशि का अंतरण करेंगे। यह योजना की दूसरी किश्त है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान इंदौर के सुपर कॉरिडोर ग्राउण्ड से पूरे प्रदेश की लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना सेना की सदस्य होने के नाते दायित्व निर्वहन की शपथ भी दिलवाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान लाड़ली बहनों को संबोधित करेंगे। इसका प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान इसी दिन धार जिले में लाड़ली बहना सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान इसके पूर्व गुना जिले में 8 जुलाई को लाड़ली बहना सम्मेलन में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज अनेक कलेक्टर्स से चर्चा कर 10 जुलाई के कार्यक्रम की जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों के बारे में पूछा। उन्होंने कलेक्टर्स को योजना से जुड़े शेष डी.बी.टी. कार्य को शत-प्रतिशत स्थिति में लाने के निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 6 जुलाई को चिंता शिविर की अध्यक्षता करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नईदिल्ली जीएनएस।** किसी भी व्यक्ति या देश को किसी भी कार्य को सिद्ध करने के लिए बहुत सी वस्तुओ की आवश्यकता होती है लेकिन हर किसी के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है सुरक्षा। आधुनिक युग में रोज तकनीक उन्नत हो रही है।ऐसे में सुरक्षा से संबंधित विषय पर गंभीर विचार - विमर्श करना अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को राष्टिय राजधानी में रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के एक दिवसीय चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे।

### उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा

पिछले महीने, रक्षा विभाग , रक्षा उत्पादन विभाग , सैन्य मामलों के विभाग, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अलग-अलग विचार-मंथन सत्र आयोजित किए। महत्वपूर्ण मुद्दों और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करना। विभागों ने विषयों की एक श्रृंखला की पहचान की थी, जिस पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों ने अधिकारियों को संबोधित किया और अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

### विचार-विमर्श के बाद मिली सिफारिशों पर चर्चा

रक्षा मंत्री विचार-मंथन सत्रों के निष्कर्षों की समीक्षा करेंगे और इन विचार-विमर्शों से प्राप्त सिफारिशों को लागू करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। राज्य मंत्री (रक्षा) अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, रक्षा सचिव गिरिधर अरामने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारी भी दिन भर चलने वाली बैठक में शामिल होंगे।

## ग्रेटर नोएडा पहुंची पाकिस्तानी महिला को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा, 4 बच्चे भी जेल में रहेंगे

**नोएडा /जीएनएस।** यूपी के ग्रेटर नोएडा में पकड़ी गई, पाकिस्तानी महिला को एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को 14 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। कोर्ट ने कहा कि महिला के साथ उसके चार बच्चे भी जेल में रहेंगे। बता दें कि मंगलवार दोपहर को पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर, आरोपी सचिन और उसके पिता नेत्रपाल को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कई पाकिस्तानी दस्तावेज बरामद

नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत पहुंची सीमा गुलाम हैदर, उसके प्रेमी सचिन और पिता नेत्रपाल के खिलाफ थाना रबूपुरा में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था, पुलिस ने तीनों के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम, षड्यंत्र रचने और विदेशी नागरिक को शरण देने की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया है। सीमा 13 मई को अपने चार बच्चों के साथ बिना वैध दस्तावेजों के यहां पहुंची थी, पुलिस ने सीमा के पास से कई मोबाइल फोन, पाकिस्तानी पासपोर्ट, नेपाल के लिए लिया गया टूरिस्ट वीजा जो अब खत्म हो चुका है बरामद किया है।

### पबजी गेम के माध्यम से मिले थे एक दूसरे से

पुलिस के अनुसार, कई बार कोशिश करने के बाद भी सीमा के पति, भाई और परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर पर बात नहीं हो पाई है, और उनसे संपर्क करने का प्रयास जारी है, रबूपुरा क्षेत्र में परचून की दुकान चलाने वाले सचिन की पबजी गेम के जरिए पाकिस्तान के कराची की रहने वाली सीमा गुलाम हैदर से दोस्ती हुई, सीमा नेपाल के रास्ते बस से भारत पहुंची तथा प्रेमी सचिन के साथ जिंदगी बिताने का वादा कर लगभग डेढ़ महीने से उसके साथ रह रही थी।

## रोहित पवार बोले- दिसंबर 2023 में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव

**मुम्बई/जीएनएस।** एनसीपी पर नियंत्रण के लिए शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के बीच तनातनी के बीच, विधायक रोहित पवार, 82 वर्षीय दिग्गज के पोते हैं। राजनेता ने दावा किया कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तय समय से पहले हो सकते हैं। रोहित पवार ने कहा कि चार दिन पहले अधिकारियों को ईवीएम की जांच शुरू करने या ईवीएम का निर्माण शुरू करने के निर्देश मिले थे। रोहित पवार ने कहा, इससे पता चलता है कि लोकसभा चुनाव दिसंबर 2023 में हो सकते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, जो अक्टूबर 2024 में होने वाला है, लोकसभा चुनावों के साथ हो सकता है।

## अब 6 और राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदलेगी भाजपा

**नई दिल्ली/जीएनएस।** केंद्र की भाजपा सरकार ने मंगलवार को पंजाब, तेलंगाना और झारखंड समेत चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए। 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही भाजपा में यह बदलाव किए गए है। जिससे राज्यवार रणनीति का संकेत माना जा रहा है। इसी के आगे भाजपा अब और 6 और राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदलने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार अगले एक से दो दिनों में फैसला लिया जा सकता है। भाजपा जिन राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदलने वाली हैं। उसमे मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक और केरल भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, पद छोड़ने वाले कई अध्यक्षों को मोदी सरकार में एंट्री मिल सकती है। हाल फिलहाल में गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल की मोदी सरकार में एंट्री कि चर्चा हो रही है। सीआर पाटिल ने 2014 में नवसारी सीट से जीत हासिल की थी। फिर 2019 में उन्होंने रिकॉर्ड 6 लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस उम्मीदवार को मात दी थी। माना जा रहा है उन्हें मंत्री की बजाय संगठन में ही अहम पद दिया जा सकता है। पाटिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसेमंद नेताओं में से एक माना जाता है। उनका गुजरात भाजपा अध्यक्ष के तौर पर जुलाई में कार्यकाल समाप्त हो रहा है।






## पत्नी बेकार बैठकर पति से न मांगे पूरा गुजारा; कर्नाटक हाई कोर्ट का फैसला, सिर्फ मदद योग्य भरण-पोषण

**कर्नाटक हाई कोर्ट का फैसला; महिला को पूरा नहीं, सिर्फ मदद योग्य भरण-पोषण**

**बंगलुरु/जीएनएस।** पत्नी खाली बैठकर पूरी तरह से भत्ते के लिए अलग हो चुके पति पर निर्भर नहीं रह सकती है। हाल ही में गुजारा भत्ते से जुड़े मामले पर हुई सुनवाई के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। साथ ही कोर्ट का कहना है कि महिला को आजीविका के लिए काम करना चाहिए। अदालत ने कहा कि महिला पति से केवल मदद योग्य भत्ते की ही मांग कर सकती है। जस्टिस राजेंद्र बदामीकर की बेंच ने महिला की भरण-पोषण और मुआवजे की राशि में कटौती के सेशन कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट में महिला की तरफ से अपील की गई थी, जिसमें सत्र न्यायालय की तरफ से गुजारा भत्ता को कम किए जाने और मुआवजे की रकम घटाने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

सत्र न्यायालय ने महिला को मिलने वाले भत्ते की रकम दस हजार से घटाकर 5000 रुपए और मुआवजा तीन लाख रुपए से कम कर दो लाख करने का आदेश जारी किया था। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस रजेंद्र बदामीकार ने पाया कि महिला शादी से पहले काम कर रही थी और इस बार उसकी तरफ से ऐसी कोई जानकारी नहीं दी गई कि वह अब काम क्यों नहीं कर सकती हैं। जज ने कहा कि उन्हें खाली बैठकर पति से पूरा गुजारा नहीं मांगना चाहिए। साथ ही वह आजीविका के लिए काम करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है और पति से केवल मदद योग्य गुजारा मांग सकती है। याचिकाकर्ता का कहना था कि मुआवजा कम है और कोर्ट ने बगैर कोई सफाई दिए इसे कम कर दिया।

**बच्चे के खर्चो में कटौती नहीं**

हाई कोर्ट ने पाया था कि अपीलीय अदालत ने बच्चे को गुजारा भत्ता देने के आदेश की पुष्टि की है। साथ ही केवल पत्नी को मिलने वाले भत्ते को कम किया है। साथ ही उच्च न्यायालय ने यह भी पाया कि महिला सास और अविवाहित ननद के साथ रहने की इच्छुक नहीं है। कोर्ट का कहना है कि प्रोविजन स्टोर चलाने वाले पति पर उसकी मां और अविवाहित बहन की भी जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा- इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि किस आधार पर मुआवजा तय किया गया था। न ही इसे चुनौती दी गई।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- समाज, देश के समावेशी विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली/जीएनएस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि किसी भी समाज में पिछड़े एवं आदिवासी वर्गों की स्थिति में बदलाव सहित देश के समावेशी विकास में शिक्षा का अहम स्थान है तथा जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण जैसे गंभीर विषयों से जुड़ी समस्याओं का समाधन निकालना युवाओं का कर्तव्य है।राष्ट्रपति ने गोंडवाना विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सभी डिग्रीधारकों, खासतौर पर छात्राओं को बधाई दी, जिनकी संख्या इस विश्वविद्यालय में कुल डिग्रीधारकों की 45 प्रतिशत है।उन्होंने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह दूसरी लड़कियों के लिए महत्वपूर्ण उदाहरण है।राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि किसी भी समाज में पिछड़े एवं आदिवासी वर्गों की स्थिति में बदलाव सहित देश के समावेशी विकास में शिक्षा का अहम स्थान है।

# जन्म एवं जाति प्रमाण पत्र के अभाव में किसी भी बच्चें का प्रवेश नहीं रोका जाए- कलेक्टर श्री वानखेड़े

## समय–सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्कूल, छात्रावास में जन्म प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र के अभाव में किसी भी बच्चें का प्रवेश नहीं रोका जाएं, यह निर्देश कलेक्टर श्री कैलाश वानखेड़े ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सभी पात्र बच्चों का स्कूलों में प्रवेश दिलवाएं महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग शाला त्यागी बालिकाओं का सर्वे करें तथा बालिकाओं को योग्यता अनुसार 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा सम्मिलित करवाएं। उन्होनें शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाये तथा निःशुल्क किताब वितरण की जानकारी लिखित में उपलब्ध करवाएं।



बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, संयुक्त कलेक्टर राजेन्द्र सिंह रघुवंशी, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत दर्ज होने पर पहले ही दिन अटेण्ड कर निराकरण की कार्यवाही कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करे, निराकरण हो सकता है तो तत्काल कार्यवाही करे, यदि नही हो सकता है तो संबंधित को स्पष्ट कारण सहित सूचित कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करें, किसी भी विभाग की शिकायतें नॉन अटेण्ड नहीं रहे तथा बिना कार्यवाही के अगले स्तर पर नहीं जाएं, शिकायत निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### पात्र युवाओं का पंजीयन करवाएं

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के संबंध में निर्देश दिए कि जिले में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि पात्र युवा योजना में अपना पंजीयन करवाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें, संबंधित विभाग प्रमुख शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए योजना मे पात्र युवाओं के पंजीयन करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्यां के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी चुनावी कार्यां को प्राथमिकता दें, निर्वाचन कार्यालय द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी तत्काल उपलब्ध करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का क्रियान्वयन कैलेंडर बनाकर किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बाबा बैजनाथ महादेव की सावन माह में निकलने वाली शाही सवारी के संबंध में सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सावन माह के दौरान बाबा बैजनाथ मंदिर प्रांगण में आने वाले भक्तजनों के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जाए। भक्तजन आसानी से बाबा बैजनाथ के दर्शन कर सके ऐसी व्यवस्था रखें, मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

### 11 जुलाई को व्यापक स्तर पर होगा पौधारोपण

कलेक्टर श्री वानखेड़े ने बताया कि जिले में 11 जुलाई को व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा, सभी जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी गांव में उपस्थित होकर पौधारोपण करवाएंगे। उन्होनें निर्देश दिए कि सभी शासकीय भवनों के परिसर में अनिवार्य रूप से पौधारोपण किया जाए। पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में सहभागिता कर पौधारोपण करें। कलेक्टर ने उद्यानिकी एवं वन विभाग के अधिकारी को पौधे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### शेष महिलाओं की तीन दिवस में डीबीटी करवाएं

कलेक्टर ने बताया कि आगामी दिनों में जिले में वृहद महिला सम्मेलन होना है, इसकी तैयारियां करे। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी गांव में लाडली बहना सेना का गठन कर महिलाओं को प्रशिक्षण दें, लाडली बहनों को बचत योजना से लिंक करवाएं एवं उन्हें स्व-सहायता समूह से जोड़कर आर्थिक विकास करने के लिए स्वरोजगार योजनाओं में लाभान्वित करवाएं। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में डीबीटी से शेष महिलाओं की आगामी तीन दिवस में डीबीटी करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए की लाडली बहनों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें आगे की कक्षा में परीक्षा दिलवाकर उनकी शैक्षणिक योग्यताओं को अपग्रेड करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, विभाग आंगनवाड़ी, छात्रावास, स्कूल में बच्चों को एनीमिया मुक्त करने हेतु आयरन की गोली उपलब्ध करवाएं तथा बच्चों में एनीमिया के प्रति जागरूकता लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव के भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्कूल का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। स्कूल आंगनवाड़ी में मिड डे मील, साफ सफाई आदि देखी जाए।

### आवास योजना की शिकायत लम्बित नहीं रहें

कलेक्टर ने सभी सीईओ जनपद एवं नगरीय निकाय सीएमओ को आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा कर ले, किसी भी हितग्राही की शिकायत लंबित नहीं रहे, स्वीकृत आवासों को समय सीमा में पूर्ण करवाएं। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सभी सीईओ एवं सीएमओ शासन के निर्देशानुसार साफ सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी करें। उन्होंने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा कि अधिकारी अपने स्तर से आवेदनों की समीक्षा कर निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी संबंधित को तत्काल प्रदान करने के निर्देश सभी सीएमओ एवं सीईओ जनपद को दिए। बैठक में कलेक्टर ने भू अधिकार आवेदनों की समीक्षा का निराकरण के निर्देश तहसीलदारो को दिए। उन्होंने गौशाला निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में बाढ़, आपदा, राहत के संबंध में भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बदनावर के 7 यात्री प्लेन से होंगे रवाना



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुजुर्गो को अब रेल के साथ हवाई जहाज से भी तीर्थों की यात्रा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कराई जा रही है। इसको लेकर शुक्रवार को बदनावर के 7 यात्री दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगे। नगर के 7 तीर्थ यात्री सुशीला पति हीरालाल शर्मा, मधुकरराव पिता मल्हारराव मुले, रमेशचंद्र लालजी हारोड़, आशाबाई जसवंत सिंह राठौर, मोहनराव नत्थुराव, विजयकुमार पिता कन्हैयालाल, प्रकाशचंद्र लक्ष्मण उपाध्याय यह यात्रा करेंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बजे इन यात्रियों का स्वागत कर रवाना किया जाएगा। यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत नियमित विमान सेवा के वायुयान से यह तीर्थ यात्री इंदौर एयरपोर्ट से शिर्डी के लिए रवाना होंगे। सभी को शासकीय खर्च पर हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा।

# नियमों को ताक पर रखकर दी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति

**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा निकाली गई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों की प्रक्रिया में नियम कायदों को दरकिनार कर नियुक्ति का मामला सामने आया है। जिसके कारण सोयत नगर के वार्ड क्रमांक 5 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व 9 में सहायिका के पद पर हुई भर्ती सवालों के घेरे में है। ऐसे में दोनों ही आवेदिकाओ ने उच्च अधिकारियों को शिकायत कर भर्ती प्रक्रिया की जांच करने की मांग की है।

**पहला मामला**

महिला बाल विकास विभाग द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की थी जिसमें आशा कार्यकर्ता और सहायिका के पद पर भर्ती निकाली गई थी । जिसमें वार्ड क्रमांक 5 की लक्ष्मी पिता रामेश्वर प्रजापति ने शिकायत कर आरोप लगाया है की सन् 2021 से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त है ।जारी विज्ञप्ति में 1 जनवरी 2021 को आवेदिका वार्ड क्रमांक 5 की निवासी होनी थी। जिसमें मेरे द्वारा आवेदन किया था लेकिन अधिकारीयों द्वारा नियमों को दरकिनार कर वार्ड क्रमांक 7 की महिला निवासी का फर्जी कागजात लगाकर चयन किया। जो सवालों के घेरे में है महिला ने शिकायत कर चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर जांच की मांगी की हे।

**दूसरा मामला**

वार्ड क्रमांक 9 कि आवेदिका रामकन्या पति अनिल सेन ने भी आंगनवाड़ी सहायिका चयन में गड़बड़ी की शिकायत की है ।?महिला का कहना है कि आंगनवाड़ी सहायिका के पद के लिए जो सूची जारी हुई थी उसमें 70त्न अंक प्राप्त होने पर मेरा नाम पहले स्थान पर था। लेकिन चयन पर आपत्ति आने पर अधिकारियों ने 50त्न अंक हासिल कर पांचवें स्थान की अभ्यर्थी का चयन कर लिया । महिला का कहना है कि जिस अभ्यर्थी का चयन सहायिका के पद पर हुआ वह नियमों को ताक पर रख किया गया है ?। दोनों ही महिलाओं ने इस पूरे प्रकरण की जांच करने की मांग की है।

**इनका कहना –**

मेरे द्वारा ऐसी कोई भर्ती नहीं की गई है। जिला समितियों द्वारा भर्ती की जाती है फिर भी दोनों महिलाएं भर्ती प्रक्रिया से असंतुष्ट हे तो वह अपर कलेक्टर को शिकायत कर जांच करवा सकती है।

**– मनीषा चौबे महिला बाल विकास अधिकारी सुसनेर**

# सरस्वती में विद्या मंदिर में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष अशोक गोधा के मुख्य आतिथ्य एवं पं. विनय व्यास के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ हवन के साथ किया गया। कार्यक्रम में संस्था सचिव आशीष शुक्ला द्वारा सह पत्निक चारों वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का पूजन कर भैया बहनों के साथ यज्ञ हवन में आहुतियां दी गई। तत्पश्चात उपस्थित अभिभावकों , भैया बहिनों तथा आचार्य परिवार ने हवन में आहुतियां दी। कार्यक्रम में नवीन प्रवेशित नन्हे मुन्ने भैया बहनों के द्वारा प्रणव अक्षर ऊं लिखवाया गया। इस अवसर पर समिति सदस्य अरविंद माहेश्वरी, संस्था प्राचार्य विष्णु श्रोत्रिय सहित अभिभावक गण उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी प्रचार प्रमुख संतोष खटोड़ ने दी।

# गुरु शिष्य सम्बन्ध व्याख्यान में साहित्यकारों ने पढ़ी रचनायें

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड** अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं गायत्री परिवार बड़नगर द्वारा गुरु शिष्य सम्बन्ध पर व्याख्यान एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन प्रज्ञापीठ जूनिकचहरी बड़नगर पर किया गया।



कार्यक्रम के अतिथि विजय यादव ÷गीतांश÷, प्रेमचंद माहेश्वरी,सुभाष गुप्ते रहे एवं अध्यक्षता सरिता यादव ने की। माँ सरस्वती वंदना ओमप्रकाश भाटी ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

उज्जैन से पधारे आचार्य प.हर्ष नागर ने अपने उद्बोधन मे गुरु पूर्णिमा की व्याख्या करते हुवे बताया गुरु पूर्ण रूप में मां होती हैं। सुनीता सेन द्वारा माँ पर लयबद्ध कविता का गान किया।

उज्जैन से ही पधारे आचार्य प.मनीष व्यास ने कहानियों के माध्यम से गुरु शिष्य सम्बन्ध पर प्रकाश डाला। नन्दकिशोर समीर ने मुक्तक पढ़कर गुदगुदाया वही सुरेश उबाल ने सब समस्या का हल खिलता कमल ओर एक लोटा जल कविता सुनाई। योगेश जोशी ने विश्व गुरु तव अर्चना में अर्पण क्या करे,जबकि तन,मन,धन तुम्हारा अर्पण क्या करे गीत गाया,सरिता यादव ने अब भी याद आते है माँ तेरे एहसान, तुझ से बड़कर कोई नही है दुनिया मे भगवान माँ पर काव्यपाठ किया।

नितेश जोशी जिला उपाध्यक्ष ने किसी घटना या एक्सीडेंट का फोटो लेने वालों हम भी गुजर जाएंगे कविता माध्यम से लोगो की कम होती संवेदना पर व्यंग्य किया। मनीष पांचाल ने सारगर्भित अध्यात्म रचना ओ जग के करतार,यह संसार अपार, लहरों में जो नाव उलझ गई उसको पार उतार का पाठ किया। नवीन त्रिवेदी ÷मुखिया÷ ने दुनियां में गुरु तो बहुत मिलेंगे मुझे सतगुरु की तलाश है अपने व्याख्यान में कहा। सुरेश माहेश्वरी ने एक नारा है एक भरोसा है,एक है विश्वास कविता पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुभाष तिवारी ने गुरुवर तुम्हारे प्यार ने जीना सीखा दिया सुंदर भजन गाया। विजय यादव ने अपने व्याख्यान में कहा गुरु जब अत्यधिक प्रसन्न होता है जब उसका शिष्य उससे आगे निकल जाता है। प्रेमचंद माहेश्वरी ने कहा बिखरी हुई वृत्तियों को जो व्यवस्थित कर दे वही गुरु हैप्रमोद पंचोली कार्यक्रम संयोजक ने अपने उद्बोधन में कहा गुरु समाज का मार्गदर्शक होता है अंत मे आभार ओमप्रकाश भाटी ने माना। कार्यक्रम में गायत्री परिवार परिजन व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# ज्ञान के साथ विनय जरूरी है-प्रीति दर्शना श्रीजी , संस्कृति के प्रति सजग रहना होगा-रुचि दर्शना श्रीजी

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्वेतांबर जैन समाज का चातुर्मास प्रारंभ हो चुका है इस चातुर्मास के अंतर्गत साधु साध्वी एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान धर्म जप तप की गंगा बहाते हैं 2 जुलाई से हुए चातुर्मास प्रारंभ के अवसर पर चातुर्मास हेतु विराजीत साध्वी डॉ प्रीति दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहा कि ज्ञान के बिना व्यक्ति अधूरा है ज्ञान के साथ-साथ विनय भी जरूरी है ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नहीं है आज का प्राणी ममता माया मोह में उलझा है हमें मोह का त्याग कर धर्म की ओर अग्रसर होना होगा प्रभु की वाणी को श्रवण करने के साथ-साथ जीवन में अंगीकार कर जीवन में बदलाव लाना होगा क्योंकि संसार असार है

इस अवसर पर पूज्य साध्वी रुचि दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहा कि परमात्मा की आज्ञा का पालन करना ही धर्म है आपने जैन रामायण आधारित उद्बोधन देते हुए कहा कि रामायण के हर पात्रों के गुणों का भंडार होता है और गुणि व्यक्ति संसार में पूजा जाता है हम आर्य संस्कृति को भूल रहे हैं संस्कृति के प्रति सजग रहना होगा परमात्मा की आज्ञा का पालन करना होगा धर्म सभा के पूर्व ज्ञान सार शास्त्र वाचन के चढ़ावे का लाभ मनसुखलाल गेंदालाल सियाल परिवार ने



लिया जैन रामायण वेहराने का लाभ गेंदालाल चांदमल बरडिया परिवार ने लिया वास्कक्षेप पूजन का लाभ रमेश चंद्र पीरुलाल जी औरा परिवार ने लिया ज्ञान भारती शास्त्र का लाभ दगवाड़ा वाला परिवार ने लिया श्री संघ अध्यक्ष अशोक छाजेड़ ने बताया कि सभी लाभार्थियों द्वारा आज ज्ञान शास्त्र की पूजन करते हुए पूज्य महाराज साहब जी को वेहराये गए राजकुमार नाहर ने बताया कि श्री संघ में विभिन्न तपस्याओ की लड़िया भी प्रारंभ हो चुकी है अट्ठाई तप की लडी में आज राजेंद्र जैन डंगवाड़ा वाला को 5 उपवास की तपस्या चल रही है तेले की लड़ाई में श्रीमती पुखराज बेन ओरा की तपस्या जारी है साथ ही सैकड़ों धर्मालुजन प्रातः काल से ही देर शाम तक धर्म आराधना करते है आपके प्रवचनों में भी धर्मालूजन की भीड़ उमड़ रही है

## सार समाचार

### विधायक रामलाल जी का जन्मदिन मनाया



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री रामलाल जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर जी के नेतृत्व में मनाया गया इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा जी विश्वकर्मा पूर्व पार्षद ललिता बेन पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बद्रीलाल जी आईसर गुराडिया सरपंच कालू सिंह जी आंजना किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश जी नवादा विधायक प्रतिनिधि राजेश नाथचौहान जन स्वास्थ रक्षक प्रदेश महामंत्री डॉ राजाराम चौधरी सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश आंजना सेक्टर अध्यक्ष शिवा सुनहरी किसान कांग्रेस के महामंत्री अमृतलाल पांचाल युवक कांग्रेस के जांबाज साथी राहुल सोलंकी मीडिया प्रभारी राकेश अजना भरत आंजना कचरू परमार।

### विधायक ने किया 7 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक मुरली मोरवाल ने विधायक विकास निधि से निर्मित 7 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जिसमें ग्राम बड़गारा में 2 लाख 25 हजार की लागत राशि से बने सी.सी. रोड का लोकार्पण महन्त भारतगिरी महाराज के विशेष आतिथ्य में किया, ग्राम केसरपुरा में 2 लाख 50 हजार की लागत राशि से बने सी.सी. रोड़ का लोकार्पण व ग्राम अमलावदकलां में 2 लाख की लागत राशि से बनने वाले सी.सी. रोड़ का भूमि पूजन किया । ग्राम देहटा में ग्रामीणों ने विधायक मोरवाल के विकास कार्यो को देखते हुए साफा बांधकर व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया साथ ही विधायक मोरवाल ने शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर मध्यान भोजन की जांच की।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश शर्मा, सेवादल अध्यक्ष मनोहर शर्मा, सरपंच नाथू सिंह, सरपंच महेंद्र सिंह राठौर, नाथूलाल पूर्व सरपंच, शिवनारायण पाटीदार, मनोहर पांचाल, नारायण दास वैष्णव, पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, भगवान सिंह डोडिया, युवराज सिंह राठौर, शैलेंद्र सिंह बना, ओमप्रकाश शर्मा, सरदार सिंह, मोर सिंह, पप्पू सिंह राणावत नारायण सिंह, शंकर सिंह, जसवंत सिंह, धर्मराज, भगत सिंह, रामकिशन, राजेन्द्र सिंह, लाखन सिंह, देवेंद्र सिंह, घनसिंह, समन्दर सिंह, सुमेरसिंह, अशोक वर्मा, भभुतिराम, शिवलाल, नाथू सिंह, आदि उपस्थित हुए।

### अभिभाषक पर हुए हमले को लेकर अभिभाषकों में रोष दिया ज्ञापन



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**अभिभाषक संघ बड़नगर के वरिष्ठ अभिभाषक नासिर खान जागीरदार के साथ पिछले दिनों दो अज्ञात बाइक चालको के द्वारा किए गए हमले को लेकर अभिभाषकों में रोष व्याप्त है। अभिभाषकों का कहना है की घटना के पंद्रह दिन व्यतीत घटना होने के बाद भी अभी तक पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कड़ी कार्यवाही नहीं कर सकी है। इसी के तहत थाना प्रभारी अमित सोलंकी को अभिभाषक संघ सभाकक्ष में बुलाया और अभी तक की कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। अभिभाषकों ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया। थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने आश्वासन दिया है की इस संबंध में हम जांच कर रहे है। आरोपियों को भी जल्द पकड़कर कार्यवाही करेंगे। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष जयेश आचार्य, अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों सहित संघ के सभाकक्ष में बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषक गण उपस्थित थे। जानकारी अभिभाषक संघ के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अभिभाषक नितेश मेलवाणी ने दी।

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदान संबंधी आवश्यक अधिकारों से जागरूक करके प्रत्येक मत के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मण चेलानी द्वारा छात्रों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई तथा प्रत्येक छात्र को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । छात्र छात्राओं को मतदान में सक्रिय भागीदारी को लेकर महाविद्यालय परिसर में कैंपस एम्बेसडर की नियुक्ति संबंधी जानकारी दी गई तथा कैंपस एम्बेसडर को यह दायित्व भी सौंपा गया कि वह अपने आसपास के सभी सक्रिय मतदाताओं को आवश्यक मतदान के लिए प्रेरित भी करें। महाविद्यालय के पूर्व एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर मनोज लश्करी ने युवा मतदाताओं को वोटर पोर्टल के माध्यम से एपिक कार्ड बनवाने व मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुनीता कुमावत ने छात्र छात्राओं से एपिक कार्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी लेकर समस्त छात्र छात्राओं को एपिक कार्ड बनवाने एवं लोकतंत्र में मतदान को सबसे महत्वपूर्ण

# नर्सिंग छात्रा ने खुदकुशी की, संदिग्ध युवक पर ब्लैकमेल करने का आरोप





**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड किया है। घटना कोठारी कॉलोनी की है। मृतक युवती का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। कोतवाली थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के मगराना गांव की रहने वाली कुसुम पिता कालूलाल लौहार (20) मंदसौर के श्रीजी नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी।**

**भाई ने कहा- एक युवक लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था**-मृतक युवती के परिजनों का आरोप है कि कोई युवक उसे लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था, जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। हालांकि परिजन युवक के बारे में जानकारी नहीं दे पाए। युवती के भाई मनीष लोहार ने बताया कि कोई लड़का उसे ब्लैकमेल कर रहा था। लड़के ने मुझे भी इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजे थे।

**दोस्तों ने कहा- डिप्रेशन में थी कुसम...**

नर्सिंग कॉलेज में युवती के दोस्तों ने बताया कि पिछले 7-8 दिन से कुसुम डिप्रेशन में थी। वह किसी से बात भी नहीं कर रही थी। वह हमेशा सुबह 9 बजे हमें कॉल करती थी, लेकिन बुधवार को उसका कॉल नहीं आया तो हमने उसे कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। शंका होने पर घर जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

**कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों पर बनाया दबाव**-जानकारी के अनुसार श्रीजी नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों पर दबाव बनाया है कि वह कुछ नहीं बोले। युवती की आत्महत्या के मामले छात्र बताना चाहते थे लेकिन जिला अस्पताल में मौजूद कॉलेज प्रबंधन के सामने छात्र बोलने से घबराते रहे। मामले में कॉलेज प्राचार्य ने भी बात करने से मना कर दिया। कई बार पूछने पर इतना ही कह पाए कि युवती के परिजनों ने उसे घर बुलाने के लिए फोन किया था। घर वाले पढ़ाई छुड़वाना चाहते थे लेकिन वह घर जाना नहीं चाहती थी।

इस मामले में सिटी कोतवाली टीआई अमित सोनी ने बताया कि नर्सिंग छात्रा ने आत्महत्या की है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजन कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। आत्महत्या के पीछे क्या कारण है, यह जांच के बाद ही साफहो पाएगा।

## भाव मंगल के अभाव में शेष सभी मंगल, अमंगल ही है- श्रमण सुप्रभसागरजी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिनागम में मुख्यतया से द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चार मंगलों का उल्लेख आता है लेकिन यदि भाव मंगल नहीं है तो शेष मंगल होने का कोई प्रयोजन ही नहीं है। वशिष्ठ जैसे गुरू ने मुहूर्त निकालकर काल मंगल किया था, पवित्र नदियों का जल मंगाया गया था लेकिन एक मां के भाव मंगल न होने कारण शेष सभी मंगल, अमंगल रूप हो गये और श्रीराम का जहां राजतिलक होने वाला था वहीं उन्हें जंगल जाना पड़ा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने भावों को मंगल बनाने का पुरूषार्थ करना चाहिये। ये उद्गार श्रमणाचार्य श्री विशुध्दसागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य श्रमण मुनि सुप्रभसागरजी ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ऋषिनगर में चल रहे महाज्ञान कुंभ वर्षायोग में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मुनिश्री ने कहा कि मंगलाचरण यह बात को पुष्ट करता है कि हम नास्तिक नहीं है। क्योंकि मंगलाचरण करने का उद्देश्य कि हमारे नास्किता का परिहार हो, शिष्टाचार का पालन हो, गुरू, ग्रंथ और हमारे आराध्य पभु के प्रति हमारी श्रध्दा, भक्ति प्रकट हो, ग्रंथ की निर्विघ्न रूप से समाप्ति हो। ये पूर्वाचार्यों की ही महती अनुकंपा है कि उन्होंने अपने समय में से समय निकालकर हमारे आचरण का हमें पथ दिखलाया।

## सार समाचार

### सीएम राइज स्कूल साबाखेड़ा में बच्चों ने सीखा आर्ट ऑफलिविंग, तीन दिवसीय शिविर आयोजित हुआ



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीएम राइज स्कूल साबाखेड़ा में प्रदेश सरकार और आर्ट ऑफलिविंग संस्था द्वारा तीन दिवसीय उत्कर्ष योगा और मेधा योगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तीसरी से आठवीं कक्षा के 100 बच्चों ने भाग लिया। प्रशिक्षण आर्ट ऑफलिविंग प्रशिक्षक हनी गोकलानी और आदित्य धनोतिया ने किया। इस प्रकार के शिविर से बच्चे पढ़ाई में भी बिना किसी दबाव और तनाव के आगे बढ़ने की योग्यता हासिल कर लेते हे। आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया को-ऑर्डिनेटर नरेन्द्र धनोतिया ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के सीएम राइज सरकारी स्कूलों में शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। इसके प्रथम चरण में मंदसौर जिले के कुछ स्कूलों का चयन हुआ है। जिसमे साबाखेड़ा, मल्हारगढ़, गुर्जर बार्डिया, लदूना, भानपुरा, गरोठ, चंदवासा के स्कूल शामिल हैं। योजना के अंतर्गत शिविर के बाद बच्चों के नियमित अभ्यास की भी व्यवस्था की जाएगी जिस से बच्चे अपने जीवन में योगा और ध्यान के माध्यम से बदलाव ला सकें।

### सीधी की घटना के विरोध में युवक कांग्रेस व एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई शहर मंदसौर द्वारा सीधी में आदिवासी युवक के साथ भाजपा विधायक के प्रतिनिधि द्वारा की गई बेहद शर्मनाक करतुत के खिलाफ5 जुलाई, बुधवार को गांधी चौराहा पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह का पुतला दहन किया तथा भाजपा विधायक एवं उनके प्रतिनिधि के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर महेन्द्रसिंह गुर्जर, युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल नाहटा, मनजीतसिंह मनी, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्रसिंह तोमर, कार्यकारी अध्यक्ष सलीम खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रूपल संचेती सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीबीएन की टीम ने ढाबे पर दी दबिश, 278 किलो डोडा चूरा व 2 किलो अफीम पकड़ी



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 'एंटी ड्रग ऑपरेशन के क्रम में, एक विशेष सूचना पर बुधवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफनारकोटिक्स (सीबीएन), नीमच के अधिकारियों ने लुधियाना-पंजाब ढाबा, नीमच-मंदसौर हाईवे और ग्राम आंकली स्थित उक्त ढाबा के मालिक के बाड़ा पर तलाशी ली। यहां से 278 किलो 700 ग्राम डोडा चूरा और 2 किलो 70 ग्राम अफीम बरामद की गई। इसके साथ ही 450 इबुप्रोफेन-पैरासिटामोल गोलियां और नकद रुपये जब्त किए गए। विशेष सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम आँकली, तहसील- मल्हारगढ़, मंदसौर के निवासी ग्राम आँकली में स्थित अपने बाड़े में पोस्त भूसा एवं अफीम छिपाकर रख रहे हैं तथा नीमच-मंदसौर राजमार्ग पर स्थित लुधियाना-पंजाब ढाबा के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त हैं। सीबीएन नीमच, मंदसौर एवं जावरा के अधिकारियों की टीमें गठित कर दिनांक 04 जुलाई 2023 को रवाना की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की लुधियाना-पंजाब ढाबा और बाड़ा में तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप कुल 278 किलो 700 ग्राम पोस्ता स्ट्रॉ (133.700 किलोग्राम पोस्ता भूसा और 145 किलोग्राम पोस्ता भूसा पाउडर) और 2 किलो 70 किलोग्राम अफीम मिली। साथ ही 450 इबुप्रोफेन-पैरासिटामोल की गोलियां और बरामद हुईं। नकद रुपए में उपरोक्त ढाबा और बाड़ा से 15,00,000 कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, बरामद पोस्ता भूसा और अफीम के साथ-साथ गोलियां और नकदी जब्त कर ली गई है और एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

### एडवोकेट मनीष जोशी को कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर मिली बड़ी जिम्मेदारी



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच सहित प्रदेश भर में लगातार जनहित मानवाधिकार के मामलों को उठाए जाने के चलते, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अनुशंसा पर अधिवक्ता मनीष जोशी को मध्य प्रदेश कांग्रेस विधी व मानवाधिकार विभाग में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है । मध्य प्रदेश कांग्रेस विधी व मानवाधिकार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने आज मनीष जोशी का नियुक्ति पत्र जारी किया । श्री जोशी की इस उपलब्धि से उनके समर्थकों में खासा उत्साह है ज्ञात हो कि श्री मनीष जोशी वर्तमान में नीमच अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष है व पूर्व में नीमच जिला कांग्रेस के जिला महामंत्री रह चुके हैं ।

## सीबीएन की धमाकेदार कार्रवाई- हाईवे के ढाबे से मादक पदार्थ व नशीली दवाओं का जखिरा व 15 लाख रुपए जब्त

**नीमच, मंदसौर व जावरा के अधिकारियों ने आंकली स्थित लुधियाना-पंजाब ढाबा व उसके मालिक के आंकली स्थित घर पर दी दबिश**

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एंटी ड्रग ऑपरेशन के क्रम में, एक विशेष सूचना पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन), नीमच के अधिकारियों ने लुधियाना-पंजाब ढाबा, नीमच-मंदसौर हाईवे और ग्राम आंकली स्थित उक्त ढाबा के मालिक के बाड़ा पर तलाशी ली। , तहसील- मल्हारगढ़, जिला- मंदसौर और 278.700 किलोग्राम पोस्ता भूसा (डोडा चूरा) और 2.070 किलोग्राम अफीम के साथ 450 इबुप्रोफेन-पैरासिटामोल गोलियां और नकद रुपये जब्त किए। 05.07.2023 को 15,00,000/- विशेष सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम आँकली, तहसील- मल्हारगढ़, मंदसौर के निवासी ग्राम आँकली में स्थित अपने बाड़े में पोस्त भूसा एवं अफीम छिपाकर रख रहे हैं तथा नीमच-मंदसौर राजमार्ग पर स्थित लुधियाना-पंजाब ढाबा के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त हैं। सीबीएन नीमच, मंदसौर एवं जावरा के अधिकारियों की टीमें गठित कर दिनांक 04.07.2023 को रवाना की गयीं। संदिग्ध व्यक्तियों की लुधियाना-पंजाब ढाबा और बाड़ा में तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप कुल 278.700 किलोग्राम पोस्ता स्ट्रॉ (133.700 किलोग्राम पोस्ता भूसा और 145 किलोग्राम पोस्ता भूसा पाउडर) और 2.070 किलोग्राम अफीम के साथ 450 इबुप्रोफेन-पैरासिटामोल की गोलियां और बरामद हुईं। नकद रु. उपरोक्त ढाबा और बाड़ा से 15,00,000/- रु. कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, बरामद पोस्ता भूसा और अफीम के साथ-साथ गोलियां और नकदी जब्त कर ली गई है और एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

### विधायक श्री मारू की उपस्थिति में रक्त2दान शिविर तैयारियों की बैठक सम्प न्नं

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में आगामी मनासा 12 अगस्त 2023 रक्तदान महादान शिविर के आयोजन की तैयारियो के संबंध में विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू की अध्यक्षता में मनासा में बुधवार को रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी अधिकारी संगठन, गैर सरकारी संगठन, जन अभियान परिषद, व्यापारी संगठनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

## इस बार श्रावण 1 मास नहीं रहेगा 2 मास होगा महा श्रावण

**19 साल बाद बन रहा शुभ योग, इस माह में करें विशेष उपाय**

### श्रावण मास में बन रहे विशेष शुभ संयोग

**सिंगोली /दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित सुमंत जोशी बताते है कि श्रावण मास में इस बार शश योग, गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग और बुधादित्य योग जैसे कई शुभ योग बन रहे हैं। इन शुभ योग और भगवान शिव की कृपा से श्रावण मास मिथुन राशि, सिंह राशि, तुला राशि, धनु राशि और मीन राशि वालों के लिए बेहद शुभ फलदायी और सुखद रहने वाला है।

### श्रावण मास में कब-कब है शिव पूजा का विशेष दिन -

इस साल 2023 में श्रावण मास 4 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है,जो 31 अगस्त तक रहेगा ।

19 साल बाद यह संयोग बना है कि श्रावण में अधिक मास जुड़ा है और अब की बार श्रावण 59 दिनों का हो गया है. इस साल 8 श्रावण सोमवार, 2 श्रावण शिवरात्रि, 4 प्रदोष और 9 मंगला गौरी व्रत हैं. इसके अलावा हरियाली अमावस्या और हरियाली तीज भी है, श्रावण माह के 59 दिनों में शिव और गौरी पूजा के कई विशेष दिन हैं ।इस महीने में भगवान शिव को सबसे ग्रहणशील माना जाता है, और भक्त अपनी इच्छाओं को सुनने के लिए महा मृत्युंजय होम / हवन , रुद्र होम और रुद्राभिषेक पूजा करते हैं। इस महीने के अनुष्ठानों में पूजा और उपवास शामिल होते हैं, जो भगवान के साथ संबंध को गहरा बनाते हैं और आपकी आत्मा को शुद्ध करते हैं।

### रुद्राभिषेक के 18 आश्चर्यजनक लाभ

रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली के महापाप भी जलकर भस्म हो जाते हैं और हममें शिवत्व का उदय होता है। भगवान शिव का शुभाशीर्वाद प्राप्त होता है। सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वत~ हो जाती है।

**रुद्राभिषेक के विभिन्न पूजन के लाभ इस प्रकार हैं-**



- असाध्य रोगों को शांत करने के लिए कुशोदक से रुद्राभिषेक करें।
- भवन-वाहन के लिए दही से रुद्राभिषेक करें।
- लक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करें।
- धनवृद्धि के लिए शहद एवं घी से अभिषेक करें।
- तीर्थ के जल से अभिषेक करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- इत्र मिले जल से अभिषेक करने से बीमारी नष्ट होती है।
- पुत्र प्राप्ति के लिए दुग्ध से और यदि संतान उत्पन्न होकर मृत पैदा हो तो गोदुग्ध से रुद्राभिषेक करें।
- रुद्राभिषेक से योग्य तथा विद्वान संतान की प्राप्ति होती है।
- ज्वर की शांति हेतु शीतल जल/ गंगाजल से रुद्राभिषेक करें।
- सहस्रनाम मंत्रों का उच्चारण करते हुए घृत की धारा से रुद्राभिषेक करने पर वंश का विस्तार होता है।
- प्रमेह रोग की शांति भी दुग्धाभिषेक से हो जाती है।
- शकर मिले दूध से अभिषेक करने पर जड़बुद्धि वाला भी विद्वान हो जाता है।
- सरसों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रु पराजित होता है।
- शहद के द्वारा अभिषेक करने पर यक्ष्मा (तपेदिक) दूर हो जाती है।
- पातकों को नष्ट करने की कामना होने पर भी शहद से रुद्राभिषेक करें।
- गोदुग्ध से तथा शुद्ध घी द्वारा अभिषेक करने से आरोग्यता प्राप्त होती है।
- पुत्र की कामना वाले व्यक्ति शकर मिश्रित जल से अभिषेक करें। ऐसे तो अभिषेक साधारण रूप से जल से ही होता है।

परंतु विशेष अवसर पर या सोमवार, प्रदोष और शिवरात्रि आदि पर्व के दिनों में मंत्र, गोदुग्ध या अन्य दूध मिलाकर अथवा केवल दूध से भी अभिषेक किया जाता है। विशेष पूजा में दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से अलग-अलग अथवा सबको मिलाकर पंचामृत से भी अभिषेक किया जाता है। तंत्रों में रोग निवारण हेतु अन्य विभिन्न वस्तुओं से भी अभिषेक करने का विधान है। इस प्रकार विविध द्रव्यों से शिवलिंग का विधिवत अभिषेक करने पर अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि किसी भी पुराने नियमित रूप से पूजे जाने वाले शिवलिंग का अभिषेक बहुत ही उत्तम फल देता है किंतु यदि पारद के शिवलिंग का अभिषेक किया जाए तो बहुत ही शीघ्र चमत्कारिक शुभ परिणाम मिलता है। रुद्राभिषेक का फल बहुत ही शीघ्र प्राप्त होता है।

**ज्यौ.पं.सुमन्त पुरोहित (झांतला)**

## धर्म पचपन मे नही बचपन से प्रारंभ करना चाहिए मुनिश्री सुप्रभ सागर



**सिंगोली।(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्म के माध्यम से जीवन के सभी कार्य सिद्ध हो सकते हैं। अर्थ को दान में और काम को वात्सल्य में बदल दो,तो मोक्ष - पुरुषार्थ साधना सरल हो जायेगा। धर्म क्षेत्र में बैठकर कर्मों की निर्जरा की जा सकती है। धर्म पचपन में नहीं बचपन से प्रारंभ करना चाहिए। यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षा प्राप्त व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 5 अगस्त बुधवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पचपन की उम्र में तो गृहस्थी से उदासीनता आना चाहिए। सरकार ने भी कार्य मुक्त ÷होने के लिए साठ वर्ष की उम्र निर्धारित की है, परन्तु गृहस्थ ने अपनी गृहस्थी के कार्य मुक्त होने की कोई उम्र निर्धारित नहीं की है। भोगोपभोग की वस्तुओं की भी एक्सपाईरी तारीख होती है परंतु मनुष्य के इन्द्रिय विषयों की तारीख निश्चित नहीं हैं। आयु के प्रारंभ से लेक अन्त तक वह इन्द्रिय विषयों को भोगता रहता है। धर्म के द्वारा इन इन्द्रिय और मन पर नियंत्रण कर जीवन में चत्मकारिक परिवर्तन लाया जा सकता है। धर्म हमें कष्टों से संकटों से बचाता है। धर्म के प्रभाव से ही सर्प का हार तलवार कि माला बन जाती विष अमृत बन जाता है धर्म युक्त अर्थ और काम परामार्थ की तथा शाश्वत सुख की प्राप्ति मे महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए जीवन में धर्म का महत्व कहा जाता है धर्म के द्वारा ही स्वर्गादि की सम्पदा और अरिहन्तादि का पद प्राप्त होता है जिन शासन की महिमा अकथनिय है वही मुनिश्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जन्म लेता है कुच्छ दिन जीता है और मर जाता है लेकिन इस बीच वह ऐसा कर जाता है जिससे उसकी पहचान बन जाती है मनुष्य अपनी कार्यकुशलता और रुचि के अनुसार संसार में कुच्छ महान कार्य करता है अच्छे लोगों के साथ रहने से संस्कार अच्छे आएंगे और बुरे लोगों के साथ रहने पर गलत संगती आएगी अच्छे लोगों के साथ हम जुड़ते हैं तो मोह माया राग देष ईर्ष्या आदी बुराईयां से मूक्त हो जाते हैं वही बिजोलिया व अन्य गांवों से पधारें समाजजनों ने मुनिश्री ससंघ को श्री फल अर्पित कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे ।

## जनसेवा मित्रों ने पॉलिथीन बैन अभियान चलाया



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच ब्लॉक के जनसेवा मित्रों ने बुधवार को सीएम फेलो श्री नीलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छ वातावरण पॉलिथीन मुक्त नीमच अभियान की शुरुआत जिला पंचायत नीमच से की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान ने सभी जनसेवा मित्रो के कार्यों की प्रशंसा की गई। जिला चिकित्सालय में भी सभी जनसेवा मित्रों ने कपड़े की थैलियों का इस्तेमाल करने के लिए सभी को प्रेरित किया और पर्यावरण के साथ ही स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जनसेवा मित्रों की यह पहल सराहनीय है। सीएम फेलो श्री नीलेश मिश्रा ने कहा, कि मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप प्रोग्राम के द्वितीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। उन्होनने इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने का आग्रह किया और अधिक से अधिक युवाओं को इसकी जानकारी देने तथा रजिस्ट्रेशन कराने का कार्य जनसेवा मित्र द्वारा किया जावे, इस पर जोर दिया।

## सिंगोली सीएम राइज स्कूल प्राचार्या ने पहले स्कूल और फिर बस स्टेंड पर किया हंगामा



**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय से 80 किलो मीटर की दूरी पर स्थित सिंगोली सीएम राइज स्कूल की चर्चित प्राचार्या आशा पाराशर ने स्कूल परिषर में मंगलवार को फिर जमकर हंगामा मचाया स्टाफ के सदस्यों ने भागकर अपने आपको बचाया।

स्कूल के सीसीटीवी कैमरे में कैद ओर प्रत्यक्षदर्शि स्कूल स्टाफ के सदस्यों ने बताया कि आज सुबह से ही प्राचार्या द्वारा अजीब अजीब हरकते की जा रही थी। शाम होते ही मेडम अचानक स्टाफ के लोगो को अश्लील गालियां देने लगी व हाथ में बड़ा सा पत्थर लेकर मारने दौड़ पड़ी। स्टाफ के लोगो ने जैसे तैसे भागकर पेड़ के पीछे छिपकर बचने की कोशिश करने लगे। स्टाफ की एक शिक्षिका के पिछे पत्थर लेकर दौडने् लगी तो उसने स्कूल से भागकर अपने आप को बचाया। प्राचार्य आशा पराशर की हरकतें यही नही रुकी वह अपने घर जाने के लिये बस स्टैंड पहुंची तो वहां पर भी जमकर हंगामा किया और वहां प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को भी अश्लील गालियां निकलने लगी। आशा पाराशर का हंगामा यहां भी नही रुका ओर उसने बस स्टैंड पर संचालित होटल के बाहर लकड़ी लेकर बेठ गई और आने वाले ग्राहकों को अश्लील गालियां निकालने लगी। होटल संचालक कपिल जैन ने बताया कि मेडम मेरी दुकान के बाहर स्टूल पर लकड़ी लेकर बैठ गई। यही नही रुकी वह और आने वाले ग्राहकों से पैसे छीनकर फेंक दिए व उनसे बोली कि एक कचोरी 50 रुपये की जाएगी। इस तरह से हंगामा खड़ा करके ग्राहकों को लकड़ी फटकारते हुए डराने लगी। जैसे तैसे करके उन्हें बाद में बस में बिठाया तो वहा भी अन्य यात्रियों को गालियां निकालते हुए झगड़ा करने लग गई।

### स्कूल में घरेलू सामान खरीदने को लेकर भी चर्चा में रही प्राचार्या

सिंगोली सीएम स्कूल में शासन द्वारा जारी बजट से स्कूल में कुकर,सिलाई मशीन,वाशिंग मशीन, क?ाई, बेलन चकला,आटा चक्की, फ्रिज सहित अन्य घरेलू सामग्री को क्रय कर लिया गया था। जानकारी मांगने पर वरिष्ठ कार्यालय ओर क्रय समिति की अनुसंसा से खरीदना बताया गया जिसमें भी अभी विभागीय जांच चल रही हैं।

### इनका कहना हैं

सिंगोली सीएम राइज प्राचार्या आशा पाराशर ने स्कूल और बस स्टैंड पर जो हंगामा किया हैं उसकी जानकारी मिली हैं। घरेलू सामग्री खरीदने के मामले में अभी जांच चल रही हैं।आज के मामले में स्टाफ सदस्यों का प्रतिवेदन मिलने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**- सीके शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी नीमच**

## सम्पादकीय

# वाह क्या बात है...

हमारे वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्य कहीं भी किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। अभी जब हमारे फेसबुक पेज पर फैंसी ड्रेस कार्यक्रम चल रहा है तो क्या बात है? पहले तो उन्हें समय लगा फैंसी ड्रेस को समझने में, सब गाने गाकर डांस करके वीडियो भेज रहे थे परंतु जब वह समझे तो काफी लोगों ने समझकर नए-नए तरीकों से फैंसी ड्रेस पहन कर वीडियो भेजी। क्या कमाल की वीडियो हैं। कुछ वीडियो तो इतनी बढ़िया हैं कि उनका जिक्र किये बगैर नहीं रह सकती। जैसे कि ग्रीन पार्क ब्रांच के कमलजीत सिंह जी (67) सर्बजीत (63) दोनों पति-पत्नी ने पपट्स बनकर पुराना गीत जहां मैं जाती हूं तुम वहीं चले आते हो। वाह! क्या बात है, कमलजीत जी और सर्बजीत जी आप दोनों का ऑइडिया नया है। आप दोनों की प्रस्तुति बहुत अच्छी, इतना आनंद आया कि मैंने आपकी ब्रांच हैड रेणू गुलाटी को मुबारकबाद दी।

दूसरी वीडियो गुजरांवाला टाउन शाखा की शशि खन्ना जो झांसी की रानी बनी, वाह! क्या बात है। इतना सुन्दर मैसेज था और क्या ड्रेस थी कि बिल्कुल झांसी की रानी लग रही थी। इसके लिए भी उनकी ब्रांच हैड संगीता नैय्यर को मुबारकबाद देती हूं।

अरे! हमारे ब्रांड एम्बेसडर नंद किशोर सरदाना जी वो तो हर बार निराले हैं। इस बार तो और भी कमाल कर दिया। मुझे भी उन्हें पहचानने में समय लगा। वो सुदामा बने और खुद ही गा रहे थे। मधु शर्मा बंगाली ड्रेस में भारत की अनेकता को एकता में दर्शा रही हैं। उसके लिए गुडग़ांव शाखाध्यक्ष धर्मसागर जी को बहुत-बहुत मुबारक।

मॉडल टाउन की संतोष अरोड़ा (74) ने भी डॉक्टर बनकर कमाल कर दिया। वीना गुप्ता की भी परफार्मेंस अच्छी रहीं। उनकी ब्रांच हैड बीनू चौहान को भी साधुवाद। रोहिणी के कमल अरोड़ा जी जो स्वयं ब्रांच के कोहैड (69) वर्षीय हैं और हर बात में, हर एक्शन में आगे रहते हैं। उनके ब्रांच हैड पी. डी. अग्रवाल को भी साधुवाद। पश्चिम विहार शाखा की सत्या अरोड़ा (68) ने भी कश्मीरी ड्रेस, बख्शी जी पंजाबी वेशभूषा, उर्मिल बेदी (77) ने किसान बनकर कमाल कर दिया। साथ ही बहुत अच्छा संदेश भी दिया। सभरवाल (78) ने तांगे वाला बनकर खूब मनोरंजन किया। पश्चिम विहार शाखा सबसे आगे चल रही है। चाहे रेसिपी हो या फैंसी ड्रेस या कोई अनुभव हो जैसे कंचन टंडन ने क्या अपना अनुभव सुनाया, सुनीता रस्तोगी, मीना तिवारी, कृष्ण जी की मैय्या बनी वाकई! रमा जी आपको बहुत-बहुत बधाई। सब आपकी इंस्प्रैशन हैं और आप ब्रांच हैड में सबसे आगे चल रही हो। पंजाबी बाग शाखा के दो सदस्य जो इस समय अपने बच्चों के साथ यू. एस. ए. और कनाडा में हैं। उन्होंने अपनी जबरदस्त वीडियो भेजी। आशा चौधरी की बेटी ऋतु ने उन्हें इंगलिश लेडी बनाया और वाकई शक्ल सूरत से भी इंगलिश (अंग्रेज) लग रही थी और बोलने में भी, पंजाबी बाग की शशि बाला ने पुरानी हीरोइन का डांस किया। अरे! फरीदाबाद की प्रभा वर्मा तो सबसे आगे हो गई। क्या फैंसी ड्रेस क्या आइडिया, क्या सीन बनाया। वासुदेव बनकर कृष्ण जी को पानी में ले जा रही थी। जितनी भी तारीफ की जाये कम है। वाह! क्या बात है। प्रभा वर्मा नारायण-नारायण यानी नारद मुनि भी बनी। फरीदाबाद के हैड कथूरिया जी और जटवानी जी को मुबारकबाद देती हूं।

अरे! क्या बात है। वरिष्ठ नागरिकों की बात ही निराली है व्यस्त रहो- मस्त रहो, स्वस्थ रहो। यही हमारा मोटो है। सभी सदस्यों को मैं कहूंगी कि वो वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब का फेसबुक पेज देखते रहें और लाइक करते रहें, कमेंट्स देते रहें। सबका उत्साह बढ़ाते रहें। वाह! क्या बात है।

# भगवान शिव के तृतीय नेत्र का रहस्य! एवं भगवान शिव की अर्ध परिक्रमा ही करनी चाहिए...?

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

परमेश्वर शिव त्रिकाल दृष्टा, त्रिनेत्र, आशुतोष, अवढरदानी, जगतपिता आदि अनेक नामों से जानें जाते हैं। महाप्रलय के समय शिव ही अपने तीसरे नेत्र से सृष्टि का संहार करते हैं परंतु जगतपिता होकर भी शिव परम सरल व शीघ्रता से प्रसन्न होने वाले हैं। संसार की सर्व मनोकामना पूर्ण करने वाले शिव को स्वयं के लिए न ऐश्वर्य की आवश्यकता है न अन्य पदार्थों की। वे तो प्रकृति के मध्य ही निवासते हैं। कन्दमूल ही जिन्हें प्रिय हैं व जो मात्र जल से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

जहां अन्य देवों को प्रसन्न करने हेतु कठिन अनुष्ठान किया जाता है वहीं शिव मात्र जलाभिषेक से ही प्रसन्न होते हैं। शिव का स्वरूप स्वयं में अद्भुत तथा रहस्यमय हैं। चाहे उनके शिखर पर चंद्रमा हो या उनके गले की सर्प माला हो या मृग छाला हो, हर वस्तु जो भगवान शंकर ने धारण कर रखी है, उसके पीछे गूढ़ रहस्य है।

शास्त्रनुसार सभी देवताओं की दो आंखें हैं पर शिव के तीन नेत्र हैं।।

इस लेख के माध्यम से हम अपने पाठकों को बताते हैं क्यों हैं शिव के तीन नेत्र तथा इसके पीछे क्या रहस्य है।

**त्वं ब्रह्मा सृष्टिकर्ता च त्वं विष्णु: परिपालक:।**
**त्वं शिव: शिवदोऽनन्त: सर्वसंहारक:॥**

भगवान शंकर का एक नाम त्रिलोचन भी है। त्रिलोचन का अर्थ होता है तीन आंखों वाला क्योंकि एक मात्र भगवान शंकर ही ऐसे हैं जिनकी तीन आंखें हैं। शिव के दो नेत्र तो सामान्य रुप से खुलते और बंद होते रहते हैं, शिव के दो नेत्रों को शास्त्रों ने चंद्रमा व सूर्य कहकर संबोधित किया है परंतु तीसरा नेत्र कुछ अलग संज्ञा लिए हुए होता है। वेदों ने शिव के तीसरे नेत्र को प्रलय की संज्ञा दी है। वास्तविकता में शिव के ये तीन नेत्र त्रिगुण को संबोधित है। दक्षिण नेत्र अर्थात दायां नेत्र सत्वगुण को संबोधित है।

वाम नेत्र अर्थात बायां नेत्र रजोगुण को संबोधित है तथा ललाट पर स्थित तीसरा नेत्र तमोगुण को संबोधित करता है। इसी प्रकार शिव के तीन नेत्र त्रिकाल के प्रतीक है ये नेत्र भूत, वर्तमान, भविष्य को संबोधित करते हैं। इसी कारण शिव को त्रिकाल दृष्टा कहा जाता है। इनहीं तीन नेत्रों में त्रिलोक बस्ता है अर्थात स्वर्गलोक, मृत्युलोक व पाताललोक अर्थात शिव के तीन नेत्र तीन लोकों के प्रतीक हैं। इसी कारण शिव त्रिलोक के स्वामी माने जाते हैं।

**त्रीदूलं त्रिगुनाकारम त्रिनेत्रम च त्रिधायुतम।**
**त्रीजन्म पापसंहारम एक बिल्व शिवार्पणनम्॥**

शिव को परमब्रह्म माना जाता है। संसार की आंखें जिस सत्य का दर्शन नहीं कर सकतीं, वह सत्य शिव के नेत्रों से कभी ओझल नहीं हो सकता क्योंकि सम्पूर्ण संसार शिव की एक रचना मात्र है। इसी कारण तीन लोक इनके अधीन हैं। शिव का तीसरा नेत्र ज्ञान चक्षु है।

यह विवेक का प्रतीक है। ज्ञान चक्षु खुलते ही काम जल कर भस्म हो जाता है। जैसे विवेक अपना ऋषित्व स्थिर रखते हुए दुष्टता को उन्मुक्त रूप में विचारने नहीं देता है तथा उसका मद- मर्दन करके ही रहता है। इसी कारण शिव के तीसरे नेत्र खुलने पर कामदेव जलकर भस्म हो गए थे।

शिव का तीसरा चक्षु आज्ञाचक्र पर स्थित है। आज्ञाचक्र ही विवेकबुद्धि का स्त्रोत है। तृतीय नेत्र खुल जाने पर सामान्य बीज रूपी मनुष्य की सम्भावनाएं वट वृक्ष का आकार ले लेती हैं। धार्मिक दृष्टि से शिव अपना तीसरा नेत्र सदैव बंद रखते हैं। तीसरी आंख शिव जी तभी खोलते हैं जब उनका क्रोध अपने प्रचुरतम सीमा से परे होता है। तीसरे नेत्र के खुलने का तात्पर्य है प्रलय का आगमन।

**सूर्यस्त्वं सृष्टिजनक आधार: सर्वतेजसाम्।**
**सोमस्त्वं सस्यपाता च सततं शीतरश्मिना॥**

वास्तवक्ता में परमेश्वर शिव ने यह तीसरा नेत्र प्रत्येक व्यक्ति को दिया है। यह विवेक अतःप्रेरणा के रूप में हमारे अंदर ही रहता है। बस जरुरत है उसे जगाने की। शिव के ज्ञान रुपी तीसरे नेत्र से ये प्रेरणा मिलती है कि मनुष्य धरती पर रहकर ज्ञान के द्वारा अपनी काम और वासनाओं पर काबू पाकर मुक्ति प्राप्त कर सके।

अगर सांसरिक दृष्टि से देखा जाए तो नेत्रों का कार्य होता है मार्ग दिखाना व मार्ग में आने वाली मुसीबतों से सावधान करना। जीवन में कई बार ऐसे संकट भी शिव जी द्वारा दिए तीनों नेत्र संयम से प्रयोग में लेने चाहिए। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह व अहंकार इसी तीसरे नेत्र से हम में प्रवेश करते हैं तथा इसी तीसरे नेत्र से हम इन्हे भस्म भी कर सकते है तात्पर्य है इस आज्ञा चक्र को जाग्रत करके सही मार्ग पर ले जाने की।

## भगवान शिव की अर्ध परिक्रमा ही करनी चाहिए...?

शिवजी की आधी परिक्रमा करने का विधान है। वह इसलिए की शिव के सोमसूत्र को लांघा नहीं जाता है। जब व्यक्ति आधी परिक्रमा करता है तो उसे चंद्राकार परिक्रमा कहते हैं। शिवलिंग को ज्योति माना गया है और उसके आसपास के क्षेत्र को चंद्र। आपने आसमान में अर्ध चंद्र के ऊपर एक शुक्र तारा देखा होगा। यह शिवलिंग उसका ही प्रतीक नहीं है बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड ज्योतिर्लिंग के ही समान है।

**अर्द्ध सोमसूत्रांतमित्यथ शिव प्रदक्षिणीकुर्वन सोमसूत्र न लंघयेत ।।**

**इति वाचनान्तरात।-सोमसूत्र -**

शिवलिंग की निर्मली को सोमसूत्र भी कहा जाता है। शास्त्र का आदेश है कि शंकर भगवान की प्रदक्षिणा में सोमसूत्र का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, अन्यथा दोष लगता है। सोमसूत्र की व्याख्या करते हुए बताया गया है कि भगवान को चढ़ाया गया जल जिस ओर से गिरता है, वहीं सोमसूत्र का स्थान होता है।

**क्यों नहीं लांघते सोमसूत्र -**

सोमसूत्र में शक्ति-स्त्रोत होता है अतः उसे लांघते समय पैर फैलाते हैं और वीर्य ?निर्मित और 5 अन्तस्थ वायु के प्रवाह पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे देवदत्त और धनंजय वायु के प्रवाह में रुकावट पैदा हो जाती है। जिससे शरीर और मन पर बुरा असर पड़ता है। अतः शिव की अर्ध चंद्राकार प्रदक्षिणा ही करने का शास्त्र का आदेश है।

**तब लांघ सकते हैं-**

शास्त्रों में अन्य स्थानों पर मिलता है कि तृण, काष्ठ, पत्ता, पत्थर, ईंट आदि से ढके हुए सोम सूत्र का उल्लंघन करने से दोष नहीं लगता है,

लेकिन 'शिवस्यार्ध प्रदक्षिणा' का मतलब शिव की आधी ही प्रदक्षिणा करनी चाहिए।

किस ओर से करनी चाहिये परिक्रमा

भगवान शिवलिंग की परिक्रमा हमेशा बांई ओर से शुरू कर जलाधारी के आगे निकले हुए भाग यानी जल स्त्रोत तक जाकर फिर विपरीत दिशा में लौटकर दूसरे सिरे तक आकर परिक्रमा पूरी करें।

## धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**6 जुलाई 2023ः आज इन 3 राशियों होगा अपार धनलाभ, पढ़ें आपकी राशि**

**मेष राशि**

**आज का राशिफल-** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**शुभ अंकः1**
**शुभ रंगःलाल**
**उपायःजनहित से जुड़ें.**

**वृषभ राशि**

**आज का राशिफल-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार? मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**शुभ अंक-2,**
**शुभ रंग-मेहरून**
**उपाय -विनम्रता बनाए रहें**

**मिथुन राशि**

**आज का राशिफल-** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**शुभ अंक -1**
**शुभ रंग-दालचीनी के समान**
**उपाय -वचन निभाएं.**

**कर्क राशि**

**आज का राशिफल ः** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-गुलाबी**
**उपाय-सेवाभाव रखें.**

**सिंह राशि**

**आज का राशिफल-**मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-बरगंडी रेड**
**उपाय-प्रशिक्षण बढ़ाएं.**

**कन्या राशि**

**आज का राशिफल-** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-अंजीर समान**
**उपाय-बड़ों का आदर रखें.**

**तुला राशि**

**आज का राशिफल-**कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-सनराइज**
**उपाय-भेंटवार्ता बढ़ाएं.**

**वृश्चिक राशि**

**आज का राशिफल-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**शुभ अंकः1**
**शुभ रंगःगेरुआ**
**उपायःभव्यता बढ़ाएं.**

**धनु राशि**

**आज का राशिफलः** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-चमकीला लाल**
**उपाय-सृजनात्मक नजरिया बढ़ाएं.**

**मकर राशि**

**आज का राशिफल-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-रस्ट कलर**
**उपाय-निरंतरता रखें.**

**कुंभ राशि**

**आज का राशिफल-** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी।

**शुभ अंकः2**
**शुभ रंगःज्योतिपुंज समान**
**उपायःजिम्मेदारी निभाएं.**

**मीन राशि**

**आज का राशिफलः** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-ऑरेंज**
**उपाय-सहायता का भाव बढ़ाएं.**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# आंतरिक द्वंद से छुटकारा पाने, का मार्ग है सहजयोग।

**ब्रह्मानंदं परम सुखदां,केवलं ज्ञानमूर्ती,**
**द्वंद्वातीतं गगन सदृशं, तत्वमस्यादि लक्षं।**
**एकं नित्यं विमल मचलं,सर्वाधी साक्षीभूतं,**
**भावातीतं त्रिगुण रहितं, सदगुरु तं नमामि ॥**
**'गुरु गीता'**



सहजयोग एक सहजावस्था है, जिसे पाना इतना ही सरल है जैसे कि पृथ्वी मां के उदर से अंकुर प्रस्फुटित होना, फुलों का फलों में और पुनः फलों का बीज में रूपांतरित होना। सहजयोग एक जीवंत प्रक्रिया है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जाता है। शर्त केवल एक ही है की इस 'योग' के प्रति आपको 'जिज्ञास' होना पड़ेगा। यह एक आधुनिक योग पद्धति है, जिसे विश्व के सभी सहजयोग केंद्रो पर पूर्णतः निःशुल्क सिखाया जाता है।

पूज्य श्रीमाताजी कहती हैं, आप मुझे अपना गुरु मत मानिये, आप खुद का गुरु बन जाइये । और आपका गुरु है, आपके ह्रदय में छिपा हुआ आत्म- तत्व । जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इसे मांगोगे तब आपकी मां स्वरुपिणी शक्ति जागृत होकर आपको अंदर से स्थिर, शांत और आनंदमयी बना देगी। हमारे जीवन की जो भी भौतिक समस्या है इसका केवल एक ही कारण है कि हम अंदर से' अस्तव्यस्त, अत्यंत तनावपूर्ण, भयभीत और चितांग्रस्त है। इन सारी नकारात्मकताओं से घिरे रहने के 'सत्तचित् आनंदमयी' है। तो फिर कहां गया हमारे जीवन का वो अनुपम आनंद ? सहजयोग ध्यान के माध्यम से आप इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने ह्रदय पर हाथ रखकर सिर्फ इतना कहिये मां मुझे मेरा आत्मसाक्षात्कार दीजिये, मेरा उस आनंद से नाता जोड़ दीजिए और दुनियादारी के इन झंझटों से मुझे मुक्त कराइये, मुझे आप वो निंव्याज प्रेम दीजिये÷ बस इतनी-प्रार्थना आप सच्चे ह्रदय से करिए तो आपके जीवन ये जादुई चमत्कार घटित होगा। आप जान जायेंगे कि ब्रम्हानंद क्या है अर्थात ब्रह्म का आनंद क्या होता है?, 'द्वन्दातीत अर्थात सुख-दुःख के द्वंद से छूटना किसे कहते है? आप गगन के सदृश्य सर्वत्र व्याप्त उस सतगुरु को जान जायेंगे और वो आपका सिखा देंगे, अनुभूत करा देंगे कि 'तत् त्वम् असि' अर्थात आप ही उस परम तत्व के अंग-प्रत्यंग हो, जो, जीवन में ब्रम्हानंद पाने का पूर्णतः हकदार है। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# राष्ट्रवाद-देश के प्रति प्रेम और समर्पण की परिणती राष्ट्रवाद

## इसे धर्म,सम्प्रदाय से ना जोड़ा जाय

राष्ट्रवाद बडा ही व्यापक व गहरा शब्द है राष्ट्रवाद की कोई सार्वभौमिक ,सर्वसम्मति से निर्धारित परिभाषा नही की जा सकती है। समेकित रूप से राष्ट्रवाद एक सामूहिक मातृभूमि के लिए गहरी आस्था का नाम है,जहां नागरिक स्वयं को एक साझा इतिहास, परंपरा, जातीयता, संस्कृति एवं भाषा इत्यादि के आधार पर एकत्र मानते हैं। और एक होने की भावना अन्य सभी तत्वों कारको से अधिक प्रभावशाली और राष्ट्रीय निष्ठा सभी अस्मिताओं से ऊपर तथा श्रेष्ठ होती है। देश के विकास, समृद्धि और आर्थिक क्षेत्र की तथा सामरिक विदेशी शक्ति के विरुद्ध मातृभूमि की रक्षा भी राष्ट्रवाद का एक प्रमुख घटक माना जाता है। पर राष्ट्रवाद को किसी भी स्थिति परिस्थिति में धर्म या जाति से कतई ना जोड़ा जाए, राष्ट्रवाद सार्वभौमिक रूप से जातीय संगठन और धर्म से बहुत ऊपर होता है। राष्ट्रवाद या राष्ट्रप्रेम के अंतर्गत किसी व्यक्ति विशेष के प्रति आस्था समाहित नहीं होती। राष्ट्रीयता की भावना में देश के प्रति लगन भक्ति तथा समर्पण ही राष्ट्रवाद को जन्म देता है, और राष्ट्रवाद के अंतर्गत धर्म, जाति, वर्ग विभेद राजनीतिक विचारधारा नही होती है।राष्ट्रवाद की अनेक विचारको ने राष्ट्रवाद को राष्ट्र के अंदर राजनीतिक तथा आर्थिक संदर्भों से जोड़ा है। इतिहास के प्रमुख विचारक ÷बेनेडिक्ट एंडरसन÷ने कहा है कि राष्ट्रवाद को राजनीतिक विचारधारा से जोड़ने के बजाए उसे सांस्कृतिक विचारधारा से जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रप्रेम को सामूहिक जन के एकीकरण तथा राष्ट्रीय चेतना के विकास को प्रबल करने की एक जन धारा माना गया है। राष्ट्रप्रेम से स्पष्ट हो जाता है की राष्ट्रीय चेतना एवं सामुदायिकता को एक सूत्र में पिरोने का काम राष्ट्रवाद ही कर सकता है। राष्ट्रवाद की अवधारणा स्वतंत्रता के पूर्व स्वतंत्रता के लिए सभी वर्गों का एकजुट हो जाना तथा वर्ग भेद को मिटाना एवं आपस में आर्थिक सहयोग कर राष्ट्र की अस्मिता को जीवित या पुनर्जीवित करने का कार्य ने ही राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रवाद को जन्म दिया है। राष्ट्र के रूप में भारत मैं विविध भाषाओं अनेक धर्मों अनेक जाती और प्रांतों का समूह है। भारत में राष्ट्रवाद के अंतर्गत राष्ट्र की अपनी एक विशिष्ट अवधारणा विकसित की जिसमें बहुजातीयता, धर्मनिरपेक्षता और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को सहेज कर भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया है,जोकि अत्यंत गौरवशाली एवं महत्वपूर्ण है। राष्ट्रप्रेम में व्यक्तिगत या सामूहिक देश के प्रति भक्ति न्योछावर और अपने व्यक्तिगत हितों से बढ़कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को ही सम्मिलित किया गया हैं, जिससे राष्ट्र दृढ़, समृद्ध और विकासशील होता है। जिससे राष्ट्रीय संपत्ति सीमाओं और विदेशी आक्रमण के समय राष्ट्र की रक्षा प्रमुख तत्व होते हैं। भारत एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक देश है। राष्ट्रवाद पर राष्ट्रप्रेम भारत के संदर्भ में और गहरा तथा महत्वपूर्ण इसी लिए भी है कि भारत में विभिन्न समुदाय, जाति, धर्म और बोली के लोग निवासरत हैं, एवं भारत के परंपरागत दुश्मन भी युद्ध के लिए घात लगाए बैठे हैं, ऐसे में भारत को विशाल जनसंख्या तथा देश के अंदर फैले बहुत बड़े भूभाग की रक्षा के लिए राष्ट्रवाद जैसी अवधारणा को मजबूत किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में भारत के लिए राष्ट्रवाद एक अमोघ अस्त्र की तरह आमजन को एक सूत्र में बांधे रखने देश के प्रति निष्ठा रखने और विपरीत परिस्थितियों में एकजुट होने की प्रेरणा देने के लिए राष्ट्रवाद और राष्ट्रप्रेम की बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी। वैसे तो भारत का इतिहास अनेक महापुरुषों,बड़े-बड़े सम्राटों और योद्धाओं की राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है। पूंजीवाद,मार्क्सवाद और राष्ट्रप्रेम के प्रति पश्चिम के विद्वानों की राय और अवधारणाएं अलग-अलग हैं । यूरोपीय विचारकों के अनुसार राष्ट्रप्रेम के कई ऋणात्मक पहलू भी है, भारत राष्ट्र के संदर्भ में राष्ट्रवाद, राष्ट्रप्रेम को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए, पर राष्ट्रप्रेम की अवधारणा में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में शासकीय प्रशासक की हठधर्मिता को ना मानना लोकतांत्रिक संगठन में राष्ट्र धर्म का विरोध नहीं माना जाना चाहिए, तभी राष्ट्रप्रेम अथवा राष्ट्रवाद की अवधारणा को सामूहिक रूप से बल मिलेगा और प्रजातांत्रिक संगठन भविष्य में लंबे समय तक जीवित रह सकता है।



-संजीव ठाकुर

# तुम्हारे जज़्बे, सहयोग बिना हम कुछ भी नहीं- बाल सुधार गृह

हां सच! कुछ मजबूरी रही होगी या हो सकता है अपहरण की हुई कहीं से लाई गई हों या उन बेसहारा अनाथ बच्चियों को उनके ही किसी अपने ने धकेल दिया हो उस गंदगी के दलदल में जहॉं हम महिलाएं जाने से भी कतराती हैं। चाहे हम समाजसेविका ही सही परंतु ऐसी जगहों पर धकेली गई उन बच्चियों को जिनकी तो अभी बाल्यावस्था है। जो पूर्णतः रूप से बालिग भी नहीं हुई। एसी बच्चियों से जब मैं मिली बाल सुधार गृह में तो हतप्रभ रह गई उनकी करूण व्यथा सुनकर। सुधार गृह के अंतर्गत बच्चियों के पालनहार स्वरूप जिन महिलाओं को रखा गया था वो सभी महिलाएं देवतुल्य ही तो थी। जो किसी बच्ची को दलदल से निकाल कर उन्हें नवजीवन दिलाने के लिए दिन-रात प्रयासरत थी। यदि हर कोई समाज में इस तरह देह व्यवसाय में लिप्त बच्चियों के प्रति सम्मान दृष्टि रख उन्हें दलदल से निकालने का भरपूर प्रयास कर एक स्वर्ण समान सम्मानित जिंदगी प्रदान कर उनमें आशा की किरण भरता है और उन्हें आश्वस्त करता है कि मैं हूं ना तुम्हारे साथ तो ऐसी बच्चियां भी साहस दिखा, अपनेपन और ममत्व से भरी छांव पाकर खुद आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर करेंगी।

कोई भी किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य अपनी मर्जी से नहीं करता। हां अगर किसी भी बच्ची इस तरह के दलदल में धंसी है तो उसे आश्वस्त कर उससे कारण जानने का प्रयास करें। यदि किसी मां-बाप ने स्वयं धकेला होगा तो सबसे बड़ी मजबूरी उनकी गरीबी ही रही होगी परंतु इस गरीबी को कारण बता कर अपने ही अंश को हैवानों के समक्ष परोस देना कहां तक उचित है। बल्कि ऐसी अवस्था में हर राज्य, क्षेत्र, जिलों में बहुत सी सामाजिक संस्थाएं, संगठन मिल कर कार्य कर रहें हैं उन्हें अपनी आप बीती सुनाएं ताकि पूर्णतः न सही कुछ अंश तो मदद् मिल सके। कुछ हो रहा मिलेगी हो सकता है कोई संस्था आपके बच्ची को ही गोद लेकर आपके दायित्व को आंशिक रूप से समाप्त कर स्वयं कर्तव्य निर्वाह करेगी। ऐसी भयावह नर्क भरी जिंदगी से बेहतर तो संस्थाओं से निवेदन करें।

कुछ बच्चियों को शोषण तो तब होता है जब वो खुद के हाथों से खुद के ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी लेती हैं?। जैसे की प्रेम जाल का शिकार हो जाना जिसमें पहले लड़के बड़े-बड़े सपने दिखाकर प्रेम जाल में तो फंसा लेते हैं परंतु इन बच्चियों का शारीरिक शोषण कर घर से भगा के भी ले जाते और छोड़ देते एक अनजान शहर, जिले, राज्य न जाने कहां-कहां जहॉं से वह बच्चियां अपने घर भी किस मुंह से जाएं यही सोच कर। भटकती यहां से वहां और इसी बीच कुछ गिद्धों की नज़र उन पर पड़ती वो गिद्ध जिन्हें दलालों के नाम की संज्ञा दी गई है धकेल परोस देते कुछ मोटी राशि के लिए बच्चियों को हैवानों के आगे। ऐसे लोगों का कहां कोई ईमान होता वो तो मजबूरी का सौदा कर भी किसी की मजबूरी को भी आय का स्त्रोत बना लेते। ऐसी बच्चियों के लिए सिर्फ एक संदेश की कभी किसी पर अपने माता-पिता से अधिक विश्वास नहीं करना। हमारे मां-बाप से बढ़कर हमारा इस दुनिया में कोई हितेशी नहीं है। कुछ बच्चियां तो जन्म से ही जैसे अभागी सी होती हैं जिनको मां की ममता, पिता का साया बचपन से ही नहीं मिला या तो वो अनाथ हैं या वो बच्चियां जो किसी ओर के पापों की सज़ा लावारिस रूप में कूड़ेदानों के ढ़ेर में पाई जाती जिन्हें उनके कोई अपने तो बहुत विश्वास संग अपने साथ रखते परंतु उन्हीं अपनों की नजर ना जाने कब एक अपराधिक नजर में तब्दील हो जाती की पता ही नहीं चलता। इससे तो वो बच्चियां भी अनजान रहती जो अपने घर पनाह दे पालनहार बन तो जाते परंतु कब वहीं अपने उनका शिकार कर देते और धीरे-धीरे रोज़ शिकार होते-होते ये बच्चियां धकेल दी जाती सेक्स अपराध की तरफ़ जिन्हें बहुत से नामों से संबोधन कर बुलाया जाता जैसे- कॉल गर्ल वगैरह-वगैरह। आज मेरी रूह संग मिल मेरी कलम भी उन शब्दों की वेदनाओं को महसूस कर लिखने में साथ नहीं दे पा रही। क्या कसूर उन मासूम से दिखने वाले चेहरों का क्या कोई अपने अंश को इस कदर हैवानों के समक्ष परोस सकता है पर कैसे? मेरा तो कलेजा सोच के ही जैसे बाहर आ रहा है। करूणा के अथाह सागर सा लिप्त हृदय दर्द से भरा जा रहा है।

ऐसे में हमारे समाज, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों का एक दायित्व है कि इस तरह सेक्स के जाल में लिप्त बच्चियों के हौसले को पुनः जीवित कर उन्हें एक आशा, उम्मीद की किरण दिखाएं। उन्हें सूर्य की नवनीत रौशनी से मिलाएं। उन्हें शिक्षा, रोजगार स्वरूप कार्यशाला से जोड़ अपने पांवों पर खड़े हो आगे बढ़ने का हौसला बढ़ाएं। जब ऐसी बच्चियों को ममता भरी छांव से भरी संस्थाओं से मिलेगा तो वो भी हिम्मत कर आगे बढ़ अपने लिए क्या सही, क्या ग़लत यह फैसला कर पाऐगी। और जब उसे रोशनी भरी राह मिलेगी तो कुछ पल आपका हाथ थाम और बाद में स्वयं दुनिया के प्रकाश से मिल खुद को दलदल से निकलता देख गौरवान्वित होगी। जब समाज उसे अपना पन देगा तो भूल वो भी अपना भूतकाल वर्तमान भविष्य संवारेंगी साथ ही खुद कुछ सीख कर अपनी जैसी ही बच्चियों बहनों को जागृत कर प्रेरणास्त्रोत बन मार्गदर्शक भी बन जाएगी। याद रखना बच्चियों यहां रक्षक बहुत कम और भक्षक अधिक मिलते हैं क्यों कि कलयुग है कोई भी आज के वक्त में किसी से बिना मतलब रिश्ता नहीं रखता ऐसे में अगर कोई सुधार गृह आपके जीवन को अंधकार से निकाल स्वर्णिम आभा सी रोशनी भरने का प्रयास करे तो आपको भी सम्मानित संस्थाओं का सम्मान कर बराबर का साथ निभाना होगा। आपके विकास आपके ही हाथ में। आप क्या चाहते रौशनी या अंधेरा ये आप पर निर्भर करता है। रोशनी मतलब समाज में बराबरी का हक अपना खुश का गुरूर सम्मान। अंधेरा मतलब उजालों से दूर हर एक कालिख डरावनी रात। इसलिए आओ हाथ बढ़ाओं और खुद की खुशी ढूंढ़ों इन संस्थानों में ही जो आपके लिए ही नित प्रयासरत हैं । आपसे ही उम्मीद लगाए सच बच्चियों तुम्हारी हिम्मत, जज़्बे, सहयोग बिना हम कुछ भी नहीं। जब हम तुम्हारे साथ हैं तो तुम हारना नहीं। आगे बढ़ना।

- वीना आडवाणी तन्वी

# शहर में बढ़ रहा श्वानों का कहर, कभी बछड़े, कभी बच्चों का कर रहे शिकार

## शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही, शहरवासी हो रहे परेशान





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के गली और चौराहे अब सुरक्षित नहीं। न बच्चे घर से बाहर निकल पा रहे हैं और न ही बड़े बेखौफ होकर घर से निकल पा रहे हैं। इनकी आजादी पर शहर में बढ़ते श्वानों के कहर ने रोक लगा दी है। जो कभी भी कहीं भी किसी पर भी हमला कर देते हैं। शहर में अब तक कई लोगों को ये आवारा श्वान अपना शिकार बना चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार आज तक कार्यवाही नहीं कर सके हैं।

शहर में कुत्तों के झुंड बढ़ते जा रहे हैं जो दिनभर आने-जाने वाले लोगों पर झपट पड़ते हैं। दिन में तो फिर भी भीड़भाड़ के चलते इनकी कारस्तानियां नजर नहीं आती, लेकिन रात होते ही ये वाहनों के पीछे दौड़ लगाने लगते हैं। जिसके चलते वाहन चालक हादसों का शिकार भी हो चुके हैं। तो छोटे बच्चों का भी शाम को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। नगरवासियों ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को अकेले घर से बाहर जाना बंद कर दिया है और हर समय उन्हें अपने बच्चों पर नजर रखना पड़ रही है। क्योंकि शहर की उमियाधाम कालोनी में भी कुछ दिन पहले एक बच्चे पर श्वानों के झुंड ने हमला कर दिया था। गनीमत रही कि वहां मौजूद लोगों ने इन श्वानों को बच्चों से दूर किया। लोगों ने बताया कि श्वान उस बच्चे की तरफ झपट पड़े थे। यदि कुछ देर और हम नहीं देखते तो वे बच्चे के साथ कुछ भी कर सकते थे। यही नहीं सोमवारिया बाजार में भी ये श्वान झुंड बनाकर घूमते रहते हैं और जैसे ही कोई वाहन इनके सामने से निकलते ही ये उसके पीछे दौड़ पड़ते हैं।

### कार्रवाई होने पर 'पेटा' ने ली थी आपत्ति

कई बार मवेशियों और श्वानों के कारण आ रही परेशानी को देखते हुए नगर की सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए निर्देश जारी किए गए, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। वहीं जब पूर्व में नगर पालिका द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ा जा रहा था तो 'पेटा' संगठन की आपत्ति के कारण इस कार्य को रोक दिया गया। ऐसे में इस समस्या का समाधान कैसे हो न तो इसका जवाब मिल पा रहा है और न ही समस्या दूर हो पा रही है।

### शहरवासियों ने बताई परेशानी

हमने अपने बच्चों का अकेले घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। हमारी उमियाधाम कालोनी में श्वानों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बच्चे तो बच्चे हमारा भी शाम को घर से निकलना बंद हो गया है।

**- दिशा जैन, शिक्षिका**

मेरी बच्ची बाहर खेल रही थी। तभी श्वानों का झुंड उसकी ओर दौड़ पड़ा। वो तो अच्छा हुआ कि वहां कुछ लोग खड़े थे जिन्होंने मेरी बच्ची को बचा लिया नहीं तो हमारे साथ ही बड़ा हादसा हो जाता। नगर पालिका को इस पर कार्यवाही करना चाहिए।

**- रंजना चौधरी, गृहिणी**

नगर पालिका प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी ध्यान देना चाहिए। कृष्ण टाकीज चौराहा के आसपास के कुत्ते मांसाहारी हो चुके हैं। यहां गोश्त और अंडे की दुकान का बेकार बचा हुआ गोस्त ये लोग कचरे के ढेर मे फेंक देते हैं। उसी मास को कुत्ते खा रहे हैं, जिससे ये मांसाहारी हो गए हैं। किसी भी दिन किसी बच्चे को अकेले देखकर ये कुत्ते शिकार कर लेंगे। अभी हाल ही में दो गाय के बच्चों को इन कुत्तों ने घायल किया था। जल्द ही कार्यवाही की जाए यही निवेदन है।

**- नरेश कप्तान, अभा कांग्रेस कमेटी सदस्य**

हमें भी लगातार शिकायत मिल रही है और जल्द ही हम इन श्वानों का बधियाकरण करने जा रहे हैं। गत दिनों भी हमने कार्यवाही शुरू की थी, लेकिन उज्जैन की कोई संस्था है जिसकी एक महिला सदस्य ने इसे लेकर शिकायत की थी। जिसके चलते कार्यवाही रोकना पड़ी थी। जल्द ही अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

**- प्रेम जैन, नगर पालिका अध्यक्ष-शाजापुर**

# गुरू पूर्णिमा पर हुई अखिल भारतीय साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार कैलाश गौड़ एवं साहित्य परिषद के अध्यक्ष जितेन्द्र देवतवाल ज्वलंत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संतोष शर्मा तथा विशेष अतिथि प्रमोद वैद्य ने अपनी उपस्थिति से समारोह को सफल बनाया। काव्य गोष्ठी में कवि देव शर्मा, जितेन्द्र देवतवाल श्ज्वलंतश, अर्पित शर्मा, संतोष शर्मा, कैलाश गोड़, सज्जाद अहमद कुरेशी, पटवारी ललित कुम्भकार, राधेश्याम भाटिया, महेश राठौर सहित अन्य कवियों ने रचना पाठ किया। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गौड़ ने बच्चों पर अपनी रचना प्रस्तुत की। वही कवि देव शर्मा ने गुरु सत्ता को करें नमन अंतर मन की गहराई से पेश की। जितेन्द्र देवतवाल ज्वलंत ने रचना अक्षर के आराधक तथा कवि सज्जाद अहमद कुरेशी ने बेटियां, कवि अर्पित शर्मा ने कुछ हुआ तो है, कवियत्री संतोष शर्मा ने सिला मिला है एक पर के मुस्कुराने का गजल प्रस्तुत की। वही साहित्यकार ललित कुम्भकार एवं राधेश्याम भाटिया ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन संतोष शर्मा ने किया तथा आभार ग्रंथकार प्रमोद वैद्य ने माना।

# कलेक्टर के निर्देश पर शाला त्यागी दो बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराया

## - बच्चों के परिजनों ने कलेक्टर को दिया धन्यवाद



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देश पर शाला त्यागी दो बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया।दरअसल कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा विगत दिनों जनसेवा अभियान 2.0 अंतर्गत आयोजित शिविरों के दौरान मक्सी में आयोजित हुए शिविर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उन्हें मक्सी में एक शाला त्यागी बच्चा मिला, इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने नगर परिषद मक्सी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशफाक खान को बच्चे का शाला में प्रवेश कराने के लिए निर्देशित किया था। कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में मुख्य नगरपालिका श्री खान ने उक्त बालक के परिवार से संपर्क किया। संपर्क के दौरान परिवार में उक्त बालक के साथ उसका एक छोटा भाई सोहेल पिता मुकेश चौहान भी मिला। सीएमओ श्री खान द्वारा शासकीय हाईस्कूल मक्सी में दोनों बालकों का कक्षा प्रथम में प्रवेश कराया गया। दोनों बालको की माता पूजा चौहान ने अपने बच्चों के विद्यालय में प्रवेश कराये जाने पर कलेक्टर श्री कन्याल को धन्यवाद दिया है।

# मप्र पर्यटन जिला क्विज प्रतियोगिता के लिए ऑनलाई पंजीयन 8 जुलाई तक

**खरगोन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन क्विज प्रतियोगिता अन्तर्गत जिलास्तरीय लिखित एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई को दो चरणों में होगा। प्रतियोगिता के लिए स्थल चयन होने पर पृथक से शालाओं को अवगत कराया जाएगा। यह प्रतियोगिता हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में कक्षा 9वी से 12 वी तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए होगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री हेमेन्द्र वडनेरकर ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलें के प्रत्येक शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूलों के 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को टूरिज्म बोर्ड की वेबसाईट https://www.tourism.mp.gov.in// पर ऑनलाईन पंजीयन 8 जुलाई तक संबंधित शाला के प्राचार्य को कराना अनिवार्य है। जिनके चयन का संपूर्ण अधिकार विद्यालय के प्राचार्य का होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिलें से प्रथम तीन विद्यालयों के विजेता 9 बच्चों तथा द्वितीय तीन विद्यालयों के उपविजेता 9 बच्चो का चयन किया जावेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शाला के 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सहभागिता कराने के लिए प्रत्येक प्राचार्य को निर्धारित ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र की पूर्ण पूर्ति 08 जुलाई तक कराएं जिसका संपूर्ण विवरण क्विज नियमावली 2023 में अंकित है। विद्यालय द्वारा ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र की पूर्ण मूर्ति के पश्चात उसकी 01 प्रिन्ट निकाल कर प्रिन्ट की प्रति 10 जुलाई तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खरगोन (डाईट परिसर) में जमा कराना अनिवार्य है। ऑनलाईन किये गये पंजीयन की प्रिन्ट में प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील होना अनिवार्य है।

## शहर में शुरू हुई बारिश, 9 तक रहेगी जारी

# दो दिन बाद शहर में हो सकती है भारी वर्षा, मौसम विभाग ने जताई संभावना

***शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। चिपचिपी गर्मी और उमस से परेशान हो रहे शहरवासियों को बुधवार को बारिश से राहत मिली। हालाकि बारिश कुछ देर बाद तो थम गई थी लेकिन ठंडी हवाएं चलने से मौसम में ठंडक जरूर घुल गई। मौसम विभाग की माने तो अब बारिश का दौर जारी रहेगा।***



इसके पहले भी शहर में बारिश हुई थी। लेकिन बारिश थमने के बाद उमस व गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा था और हर कोई आसमान की ओर ताक रहा था। बुधवार को भी शहर के मौसम का यही हाल था। दोपहर करीब 3 बजे से मौसम बदला और आसमान पर काले बादल छाने लगे और कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। जो करीब एक घंटे तक कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में जारी रही। हालांकि बारिश ज्यादा तो नहीं हुई, लेकिन ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

### 7 से 9 के बीच हो सकती है भारी बारिश

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि बुधवार रात को भी बारिश की संभावना है। लेकिन ज्यादा उम्मीद नहीं है। 7 जुलाई से भारी बारिश की संभावना है। जो 9 जुलाई तक जारी रहेगी। इस दौरान तेज व मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा।

### तीन दिनों तक चलेगा बारिश का दौर

मौसम विशेषज्ञ श्री धनोतिया ने बताया कि 5 से शुरू हुई बारिश अब रूक-रूककर कभी तेज तो कभी मध्यम होती रहेगी। 10 के बाद ही मौसम साफ होगा। इसके पहले शहर में बारिश का दौर चलता रहेगा।

## सिविल अस्पताल के उपस्थिति रजिस्टर रिकार्ड से फाड़ा पेज

# मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने दिया नोटिस जवाब न देने पर की जायेगी उचित कार्यवाही




**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)।** सुसनेर के सिविल अस्पताल में सुविधाओं के अभाव के अलावा कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। एक तरफ तो भाजपा शासन जनता को सुविधा पहुचा रही हैं। लेकिन भाजपा शासन की सुविधाओं का अभाव और दूसरी तरफ डॉक्टर व कर्मचारियों का नियमित ड्यूटी पर न पहुचने के कारण मरीजो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 1 जुलाई 2023 को ओपीडी इंचार्ज सहित समस्त ओपीडी अधिकारी व कर्मचारीयो को सिविल अस्पताल के उपस्थित रजिस्टर रिकॉर्ड से पेज फाड़ने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सिविल अस्पताल के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी राजीव बरसाना ने नोटिस जारी किया है।

आपको बता दे कि मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताया गया कि रजिस्टर ओपीडी के दवा वितरण केंद्र कक्ष में रखे गये है व उन रजिस्टर में अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति पर किसी के द्वारा काट छाट की गई है। व रजिस्टर के पेज को फाडे गये है। उक्त कृत्य कर्मचारी सेवा अधिनियम के अंतर्गत लापरवाही को दर्शा रहा है। साथ ही जवाब समय पर प्राप्त ना होने या जवाब संतोषजनक प्राप्त ना होने की स्थिति में होने वाली कार्यवाही करने को कहा गया है।

### इनका कहना-

अस्पताल के उपस्थिति रजिस्टर रिकार्ड से पेज फाड़ने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है,समय पर जवाब नहीं देने पर उचित कार्यवाही की जाएगी -डॉ. राजीव बरसेना मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी,सिविल अस्पताल सुसनेर।

# कृषि मंत्री श्री पटेल ने प्रचार रथों को दिखाई हरी झण्डी

## किसान 31 जुलाई तक कराये फसलों का बीमा



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने किसानों से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा कराने का आव्हान किया है। उन्होने आज भोपाल से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि रथ सभी 53 जिलों में गाँव-गाँव जाकर फसल बीमा योजना की जानकारी देकर किसानों को फसलों का बीमा कराने के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को आपदा में राहत प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। योजना से लाभान्वित करने के लिये उनकी फसलों का बीमा कराया जाता है। किसानों से रबी की फसलों का डेढ़ प्रतिशत और खरीफ फसलों का दो प्रतिशत प्रीमियम राशि ली जाती है। फसलों के बीमे के लिये शेष प्रीमियम राशि का भुगतान बीमा कम्पनियों को सरकार के द्वारा किया जाता है।

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि किसानों से वर्ष 2016 से अब तक मात्र 5 हजार 130 करोड़ रूपये की राशि प्रीमियम के रूप में ली गई है। शेष प्रीमियम राशि केन्द्र और राज्य सरकार ने मिल कर जमा की है। अब तक एक करोड़ 74 लाख किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 27 हजार 626 करोड़ 66 लाख रूपये की दावा राशि का भुगतान किया है। मंत्री श्री पटेल ने किसानों से आहवान किया कि गाँव-गाँव आने वाले प्रचार रथों से फसल बीमा योजना की समुचित जानकारी प्राप्त कर 31 जुलाई से पूर्व अपनी फसलों का बीमा करायें और योजना का लाभ उठायें।

# जीवन कुमार ने ट्रायसिकल मिलने पर कलेक्टर श्री कन्याल को दी दुआएं



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ट्रायसिकल मिलने पर दिव्यांग जीवन कुमार ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को धन्यवाद देते हुये दुआएं दी।दरअसल जनसुनवाई में तहसील गुलाना के ग्राम बोलाई के निवासी दिव्यांग जीवन पिता मांगीलाल ने अपनी परेशानियों से कलेक्टर श्री कन्याल को आवेदन देकर अवगत कराया था कि दिव्यांग होने के कारण उसे दैनिक कार्यो में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने श्री जीवन कुमार की परिस्थिति को देखते हुए तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को ट्रायसिकल प्रदान करने के आदेश दिए। कलेक्टर के आदेश पर तुरंत ही पालन शुरू हुआ, विभाग द्वारा तत्काल श्री जीवन के लिए ट्रायसिकल तैयार कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचाई गई, जिसे कलेक्टर श्री कन्याल ने जीवन को प्रदान की। ट्रायसिकल मिलने पर जीवन कुमार ने प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री जी एवं कलेक्टर को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी नरेन्द्रनाथ पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अजीत श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

# श्री मेड क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज की जिला बैठक 7 जुलाई को आगर में होगी संपन्न

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)।** मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जिला अध्यक्ष मांगीलाल सोनी जिला नवयुवक मंडल के जिला अध्यक्ष रीतुराज सोनी ने बताया कि मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज व जिला नवयुवक के तत्वाधान में दिनांक 7 जुलाई शुक्रवार शाम 6 बजे स्वर्णकार समाज मंदिर सत्यनारायण गली आगर में रखी गई है जिसमें जिला स्वर्णकार समाज के सभी वरिष्ठ जन आगर जिले के तहसील अध्यक्ष सभी जिला पदाधिकारी कारणी के सदस्य तथा युवा नवयुवक मंडल के पदाधिकारी का वरिष्ठ समाज बंधु की आवश्यक बैठक होगी। जिसमें मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज विकास समिति के तत्वधान में आयोजित विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन की रूपरेखा बनाने हेतु आयोजित की गई है।

# सुसनेर में अब भी चल रहा मेला, अधिकारियों के अनुसार मेले की अवधि समाप्त

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)।** सुसनेर में हरी नगर के समीप एक उत्सव मेले का आयोजन चल रहा है। इस उत्सव मेले के आयोजन की अवधि 1 जून से 30 जून तक ही थी। फिर भी अधिकारियों के उदासीन रवैयों से इस उत्सव मेले का आयोजन संचालित हो रहा है।



आपको बता दे की गत दिनों थाने में हुई शांति समिति की बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा मेले में हो रही घटनाओं के बारे में चर्चा करते हुए उक्त उत्सव मेले की जानकारी एसडीएम किरण वरबड़े से मांगी गई थी। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी किरण वरवड़े ने बताया था कि उक्त मेले की परमिशन 1 जून से 30 जून तक दी गई है। लेकिन मेरे को मेला अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन दिया गया था। परंतु मेरे द्वारा मेले की अवधि बढ़ाने की कोई परमिशन नहीं दी गई है।

मजेदार बात यह है कि अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी आज दिनांक तक नगर में उत्सव मेले का आयोजन किस के संरक्षण में चल रहा है। हम यह बता ते हुए चले कि इस उक्त उत्सव मेले में दिनांक 28 जुन को झुले में से एक युवक इश्वर पिता राम लाल निवासी रोंगली गिर कर घायल हो गया था । जिसका उपचार सिविल अस्पताल सुसनेर में किया गया था। ओर अस्पताल से सुसनेर थाने में झुले से गिरे घायल की तहरीर भेजी गई थी। घायल युवक इश्वर के झुले से गिरने के दो दिन बाद मेंले में झुले की अनुमति समाप्त हो गई थी। अनुमति समाप्त होने के बाद भी इस उत्सव मेले का आयोजन किस के संरक्षण में चल रहा है यह नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**इनका कहना-**

नगर में जो मेला चल रहा है इसकी समाप्ति 30 जून तक थी, हमारे द्वारा 30 जुन के बाद मेला लगाने की कोई परमिशन नहीं दी गई है, सबंधित को हमने नोटिस जारी किया है और सुबह पुलिस बल के द्वारा मेले को हटाया जाएगा ।

# सेगांव तहसील में 4 इंच व तीन तहसीलों में 1 इंच से अधिक हुई वर्षा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछ्ले 24 घण्टे में जिले की सेगांव तहसील में 112 एमएम यानी 4 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा खरगोन तहसील में 26 एमएम, भगवानपुरा में 34 एमएम और बड़वाह तहसील में 45 एमएम यानी इन तीन तहसीलों में 1-1 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जबकि सनावद तहसील में 20 एमएम, महेश्वर में 15 एमएम, झिरन्या में 14 एमएम, कसरावद में 13 एमएम तथा भीकनगांव तहसील में 10 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार पिछ्ले 24 घण्टे में जिले की 9 तहसीलों में 289 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष 1 जून से अब तक जिले में औषत वर्षा 79.68 एमएम हुई है।

# गरज और बिजली के साथ भारी वर्षा होने की संभावना

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौसम विभाग के अनुसार मप्र के छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, बुरहानपुर, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। जबकि गुरूवार को सुबह 8:30 बजे भारतीय मानक समय अनुसार देवास, आगर और मंदसौर जिले में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी के बीच भारी वर्षा होगी। मौसम विभाग से जारी चेतावनी को देखते हुए कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने फील्ड के अमले को अलर्ट किया है। उन्होंने राजस्व सहित ग्रामीण विकास विभाग, जलसंसाधन, होमगार्ड, एमपीईबी, स्वास्थ्य, खाद्य और अन्य विभागों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

# 10 जुलाई को खरगोन आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वाधान में शासकीय आईटीआई खरगोन में 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण 18 वर्ष से अधिक आयु के अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी दी गई लिंक 15 के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर मेले में सम्मिलित होकर हो सकते हैं।

नीमच जिले के स्थापना दिवस 6 जुलाई पर विशेष

# प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता जिला नीमच

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले ने 26 वर्षों में विकास के नए आयाम तय किए हैं। प्रदेश शासन द्वारा 30 जून 1998 को अविभाजित मंदसौर जिले की नीमच, जावद एवं मनासा तहसील को शामिल कर, नवीन जिला नीमच के गठन की घोषणा की गई थी और 6 जुलाई 1998 से नवगठित नीमच जिला अस्तित्व में आया। आज जिले के गठन को सफलतम् 26 वर्ष पूर्ण हो गये है, और इन 26 वर्षों में नीमच जिले ने हर क्षेत्र में कार्य कर प्रदेश में अपनी अलग पहचान कायम की है। नीमच जिला प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता ही जा रहा है।

**जिले की भौगोलिक स्थिति–** जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 3936 वर्ग कि.मी.है। जिले में 3 जनपद पंचायत, विकासखण्ड एवं 7 तहसीले और विधानसभा क्षेत्र नीमच, जावद एवं मनासा है। यह जिला पूर्व, पश्चिम, उत्तर, तीन दिशाओं में राजस्थान की सीमा से लगा है। दक्षिण में मंदसौर जिले की सीमा से लगा हुआ है। जिले में कुल जनसंख्या 8 लाख 25 हजार 967 है।

जिले के प्रथम कलेक्टर श्री प्रभातकुमार पाराशर रहे है। वर्तमान में श्री दिनेश जैन 19वें कलेक्टर के रूप में कार्यरत है। जिला बनने के बाद जिला मुख्यालय नीमच पर 3.80 करोड लागत से दो मंजिला संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण हुआ है। इस भवन में कलेक्टोरेट सहित विभिन्न जिला कार्यालय संचालित हैं। साथ ही 79 शासकीय आवासों का निर्माण भी हुआ है। इनमें जी-टाईप 37, एच-टाईप 33, एफ-टाईप 4 एवं आई-टाईप 5 आवासो का निर्माण हुआ है। इन सभी आवासों में शासकीय सेवक निवासरत है। नवीन पुलिस लाईन की स्थापना, पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय कालोनी निर्माण, होमगार्ड प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण, नवीन सर्वसुविधायुक्तट पुलिस थाना भवनों का निर्माण, वन मण्डलाधिकारी कार्यालय भवन, जल संसाधन भवन एवं खनिज विभाग, आयुष कार्यालय भवन का निर्माण भी हुआ है। जिले के पहले पुलिस अधीक्षक श्री.डी. निवासराव रहे है। वर्तमान में श्री अमित कुमार तोलानी नीमच जिले के पुलिस अधीक्षक है।

**सफर हुआ आसान–** नीमच जिला बनने के बाद जिले के गाव-गाव में पक्की सड़कों का जाल बिछ गया है। नयागाव से नीमच मंदसौर रतलाम होते हुए लैबड तक का हाई-वे 4-लेन का निर्माण हो जाने से अब रतलाम, इन्दौर तक सफर काफी आसान हो गया है। नीमच से मनासा तक 2-लेन सौमेन्ट काक्रीट सड़क के निर्माण से भी जिलेवासियों को काफी सुविधा मिली है। नीमच हवाई पट्टी के सामने सर्व सुविधायुक्त नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण हो गया है। नीमच, जावद मनासा में नवीन माडल स्कूल भवन निर्माण के साथ ही सर्वसुविधायुक्ता सीएम राईज स्कूजलों का निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। नीमच में हवाई पट्टी पर पायलट ट्रेनिंग सेंटर का कार्य भी प्रगति पर है।

**निरंतर...2**

**/2/**

साथ ही नवीन केंद्रीय विद्यालय का सर्वसुविधायुक्त भवन भी बन रहा है। कलेक्टोपरेट के समीप नवीन संयुक्तक तहसील कार्यालय भवन तथा जिला पंचायत कार्यालय के समीप नवीन जिला न्याटयालय भवन का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्णता पर है।

जिले में वर्ष 2003 में 219 कि.मी. ग्रेवल सडक की तुलना में आज 375 कि.मी.ग्रेबल सडके, 386 कि.मी.डामरीकृत सडकों की तुलना में आज 1694 कि.मी.ग्रामीण डामरीकृत सडके है। जबकि 146 कि.मी.मुख्यस मार्ग की तुलना में 339 कि.मी. मुख्यक मार्ग एवं 129 कि.मी. राजकीय राजमार्ग की तुलना में आज 208 कि.मी.राजकीय राजमार्ग निर्मित है। पक्कीी सडकों के निर्माण से आज 5.55 लाख ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिली है। मुख्यग मार्गो से 2.81 लाख एवं राजकीय राजमार्ग के निर्माण से 4.51 लाख की आबादी लाभांवित हो रही है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी–** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के भी उल्लेखनीय कार्य हुए है। जिले में एक करोड़ 67 लाख 38 हजार रुपये की लागत के 9 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहस्टाप आवास भवनों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा 3 करोड़ 30 लाख की लागत से जिला चिकित्सालय का उन्नयन कार्य भी किया गया है। जिला चिकित्सालय में नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई की स्थापना अपने आपमें एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। कम्प्यूटराईज्ड ओपीडी एंव जीर्णोद्धारित प्रसूति वार्ड की सौगात भी जिले को मिली है। इनके अतिरिक्त नीमच में ट्रामा सेन्टर तथा दो आक्सीतजन प?लांट का निर्माण तथा सीटी स्केरन की सुविधा भी जिलेवासियों को मिली है। नीमच में कनावटी के समीप नवीन मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। जावद मनासा, सिगोंली में नवीन आक्सीकजन प्लां ट का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही डोम निर्माण भी हुआ है।

विद्युत आपूर्ति में आत्मसनिर्भर नीमच जिला- नीमच जिले में वर्ष 1998 में 33 के.व्ही1. क्षमता के 17 फीटर थे। आज 27 फीडर स्थापपित है। 11 के.व्हीम. क्षमता के 124 फीडर की तुलना में आज 351 फीडर है। जिले में 2003 में 3612 विद्युत वितरण फीडर की तुलना में आज 814388 केवीए क्षमता के 13441 फीडर स्था0पित है। वर्ष 2003 में 53613 घरेलु विद्युत उपभोक्ताभओं की तुलना में आज 151603 उपभोक्ताा है। सिंचाई पम्प उपभोक्तांओं की संख्यो भी 2003 के 35562 की तुलना में आज 69739 हो गई है। नीमच जिला विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में आत्म?निर्भर हो गया है। घरेलु और औद्योगिक उपभोक्ता ओं को 24 घण्टे् व कृषि? उपभोक्तायओं को 10 घंटे नियमित बिजली मिल रही है। जिले के 2.02 लाख उपभोक्ता ओं को 4313.5 लाख की बिजली सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। 100 यूनिट तक बिजली खपत वाले 1.32 लाख घरेलु उपभोक्ताओं को 557.10 लाख की बिजली सब्सिडी मिल रही है। अ.जा. जनजाति वर्ग के एक हेक्टेकयर तक की भूमि वाले 10610 कृषि उपभोक्ता1ओं को निःशुल्कव बिजली का लाभ मिल रहा है।

पेयजल- नीमच जिले में वर्ष 2003 में 1887 हेण्ड।पम्पक 72 ग्रामीण नलजल योजना स्था1पित थी, जबकि वर्तमान में 5182 हेण्डतपम्प , 363 नलजल योजनाएं संचालित है। 72427 ग्रामीणों को नल कनेक्शरन व्दाचरा पेयजल उपलब्ध0 कराया जा रहा है। गांधी सागर से जल निगम व्दायरा समूह जल प्रदाय योजना क्रियान्वित की जाकर, 73234 नल कनेक्शानो के माध्यीम से जलापूर्ति की जा रही है।

**निरंतर....3**

**/3/**

गांधी सागर समूह-2 जल प्रदाय योजना के तहत 1798.05 करोड की स्वीकृति प्रदान की जाकर कार्य प्रारंभ हो गया है। इससे 673 ग्रामों, 6 नगरीय क्षेत्रों के एक लाख 45 हजार 614 परिवारों को नल से जलापूर्ति की जावेगी।

**किसानों का कल्योण–** प्रधानमंत्री किसान सम्मायन निधि एवं मुख्यूमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत जिले के 100976 किसानों को सालाना 10 हजार रूपये की राशि का भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2020-21 में 1.36 लाख बीमा दावों में किसानों को 156 करोड की बीमा राशि का भुगतान किया गया है। एग्रीकल्च र इंफास्ट्र क्च3र फण्ड के तहत 53 प्रकरणों में 39.16 करोड की राशि का वितरण किया गया है। वर्ष 2002-04 तक जिले में खाद्यान्न भण्डानरण क्षमता 1800 मेट्रीक टन थी, जो अब 4.21 लाख मेट्रीक टन हो गई है। जिले में वर्ष 2002-3 में उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल 23518 हेक्टोयर था, जो अब बढकर 76908 हेक्टे यर हो गया है।

**शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति–** जिले में 2003 में 603 शासकीय प्राथमिक , 227 शासकीय माध्यिमक एवं 53 हाईस्कूेल एवं 27 हायर सेकेण्ड्रीअ स्कू6ल संचालित थे, जो अब बढकर क्रमशः 805, 371, 53, एवं 65 हो गये है।

जिले में 2002 में 1372 प्राथमिक, 656 माध्यिमक, 212 हाई स्कू,ल, 430 शिक्षक हायर सेकेण्ड्री स्कुल में कार्यरत थे, जबकि वर्तमान में 1747 प्राथमिक शिक्षक, माध्यिमिक में 786 शिक्षक, 318 शिक्षक हाई स्कूयलों में एवं 1070 शिक्षक शा.उ.मा.विद्यालयों में पदस्थ है। हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अकं प्राप्तव करने वाले जिले के 3310 विद्यार्थियों को लेपटॉप के लिए 25-25 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है। नीमच जिले में 4 विद्यालयों शा.क.उ.मा.वि.नीमच केंट, उत्कृष्टि उ.मा.वि.जावद, उ.मा.वि.सिंगोली, शा.मॉडल उ.मा.वि.मनासा में सीएम राईज स्कू ल का निर्माण किया जा रहा है।

**महिला एवं बाल कल्यापण–** जिले में वर्तमान में 1112 आंगनवाडी केंद्र संचालित है। लाडली लक्ष्मी योजना के तहत 46712 लाडली लक्ष्मियों को 467.12 करोड की राशि स्वीाकृत की गई है। 1175 लाडली लक्ष्मियों को 21.15 करोड की छात्रवृत्ति वितरित की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 32796 महिलाएं लाभांवित हुई है। मुख्यामंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत 23 बच्चों को प्रतिमाह पांच हजार रूपये की पेंशन एवं सीएम केयर्स फार चिल्ड्र न योजना में 22 बच्चों को 4 हजार रूपये की पेंशन प्रतिमाह प्रदान की जा रही है। मुख्यरमंत्री बाल आर्शिवाद योजना के तहत 56 बच्चोंू को प्रतिमाह 4 हजार रूपये पेंशन वितरित की जा रही है। जिले में 1.50 लाख महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ मिल रहा है।

**सौर ऊर्जा से रोशन नीमच जिला–** नीमच जिले के भगवानपुरा मे 105 मेगावाट पाडलिया में 25 मेगावाट इस तरह कुल 130 मेगावाट को सौलर परियोजना संचालित, जिसमें सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पाादन हो रहा है। सुठोली, रामनगर में 25 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना से ऊर्जा उत्पापदन हो रहा है।

नीमच जिले के सिंगोली तहसील के बडी, कवई एवं बरडावदा में 500 मेगावाट क्षमता की सोलर पार्क परियोजना का कार्य प्रगति पर है। रामपुरा तहसील के गांव भगोरी व हतुनिया में 20 मेगावाट सोलर ऊर्जा परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है।

सन्दजर्भ ''नीमच कल आज और कल''

– **जगदीश मालवीय**

## जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आरबीआई द्वारा बुधवार को जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में नौ ब्लॉक से नौ टीमों द्वारा भाग लिया गया जिसमें बैंकिंग से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इसमें आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रश्नोत्तरी में आरबीआई से एलडीओ श्री सचिन सुले, उपसंचालक ट्राइबल श्री अवध गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाडनेरे, प्राचार्य श्री राजेंद्र पाटीदार एवं एलडीएम श्री सुमेर सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेगांव की टीम रही। इसमें अशीष सेन एवं अंकित यादव थे। प्रथम स्थान पर रही टीम 15 जुलाई को राज्य स्तरीय प्रतियोगित में भाग लेगी।

## सीधी जिले में हुए निंदनिय कृत्य पर कांग्रेस ने सीएम का पुतला दहन का प्रयास किया





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीधी जिले में भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला के पुर्व प्रतिनिधी प्रवेश शुक्ला का एक विडियो वायरल हुआ। जिसमें वह नशे की हालत में एक आदिवासी युवक पर पेशाब करते दिखायी दे रहा है। शुक्ला के इस कृत्य की मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव चेतन सिंह राठौर के नेतृत्व में बदनावर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निंदा की। तथा प्रदेश में बढ रहे अत्याचार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बडी चौपाटी पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का पुतला जलाने का प्रयास किया गया। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता सीएम चौहान का पुतला लेकर पहुँचे। पुलिस ने पुतला छिन लिया। सीएम का पुतला पुलिस ने छिनने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नारे बाजी करते देखे गए। इसके पहले काफी देर तक पुलिस को कार्यकर्ताओं ने खुब छकाया।पुर्व नपं अध्यक्ष अभिषेक मोदी का कहना है भाजपा विधायक के सर्मथक द्वारा आदिवासी समाज के व्यक्ति के साथ निर्दनिय कृत्य किया है। इस मामले की जांच कर दोशी पर कार्रवाई की जाने की जाए। प्रदेश में बढते अपराध को लेकर बदनावर में कार्यकर्ताओं ने सीएम चौहान का पुतला जलाने का प्रयास किया था। किंतु पुलिस ने पुतले में आग लगाने के पहले ही छीन लिया। पुतला जलाने के दौरान युकां प्रदेश सचिव चेतनसिंह राठौर, जीवनसिंह देवडा, भेरुलाल वसुनिया, गोकुल ओसारी, दिलीप मेडा, सुरज गिरवाल, नंदराम गिरवाल, शांतिलाल वसुनिया, रामप्रसाद मेडा, धमेन्द्र कटारिया, अजीत गणावा, रतन भाभर, महेन्द्र कटारिया, सुशील निगम,, दीपकसिंह राठौर, महेश मंडलोई, गोपालसिंह बारदेवा सहीत कई कार्यकर्ता मौजुद थे।

## हरिप्रसाद जाटव ने लिया मुख्य नप अधिकारी पचोर का चार्ज



**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पचोर नगर परिषद में मुख्य नप अधिकारी पवन मिश्रा के सेवा निवृत्त होने के उपरांत नए मुख्य नप अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया आरोन से पधारे हरिप्रसाद जाटव ने पचोर नगर परिषद अधिकारी के रूप में पचोर में कार्यभार ग्रहण किया।इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष विकास करोडिया, उपाध्यक्ष रामभरोसा यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित,पार्षद अमन मुंदरिया,विधायक प्रतिनिधि सुदर्शन सोनी,कांग्रेस नेता हेमंत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भील सेना व जयस ने बदनावर में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के विरोध में एसडीएम महोदय मेघा पवार को ज्ञापन दिया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज अपनी अनूठी संस्कृति के साथ रहते हैं आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को लेकर काफी संवेदनशील है इनमें जरा सा भी दखल होने पर आदिवासी समाज नाराज हो जाते हैं मध्यप्रदेश में अगर यूसीसी लागू होती है तो उनकी मान्यताओं और उनके समाज को नियंत्रित करने वाले रूढ़िवादी नियमों का क्या होगा उनकी परंपराओं का क्या होगा इसी को लेकर आज बदनावर में जयस व भील सेना ने विरोध के स्वरूप में भील सेना संगठन व जयस ने मिलकर बदनावर एसडीएम महोदय मेघा पवार को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में क्षेत्र के आदिवासी समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे

भील सेना संगठन अध्यक्ष भेरूलाल वसुनिया जयस अध्यक्ष अर्जुन मेडा, जिला पंचायत सदस्य अशोक डामर,विक्रम सोलंकी,महेंद्र कटारिया जयस प्रवक्ता राधेश्याम मंडलोई, जयस संगठन मंत्री सूरज गिरवाल,संजय मुनिया,भेरूलाल वसुनिया गवरीमाता,राकेश मुनिया,धर्मेंद्र कटारिया मदन भूरिया,शांतिलाल वसुनिया,जितेंद्र मुनिया जयस उपाध्यक्ष विक्रम भाभर,विजय निनामा उकार बारदेव,गोकुल ओसारी,दिलीप मंडलोई आदि कार्यकर्ता मौजूद थे ज्ञापन का वाचन भेरूलाल वसुनिया ने किया।

## आत्मरक्षा, पास्को एक्ट, बाल-अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को समझाया, बाल-विवाह के दुष्परिणाम की दी जानकारी

**बाल संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित»»जीवन में सफल होने के लिए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन अनिवार्य है- चंद्रेश मंडलोई**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निर्देशानुसार ज़िला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश आर. के. वाणी, सचिव एवं मुख्य न्यायाधीश कपिल नारायण भारद्वाज के मार्गदर्शन में 5 जुलाई को सी.एम. राइज जाल सेवा निकेतन विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई के कुशल नेतृत्व उपस्थिति में आयोजित शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओ को आत्मरक्षा, पास्को एक्ट, बाल-अधिकारों के बारे में शिविर के माध्यम से समझाया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को बाल -विवाह के दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वाहन चलाने की सही आयु आदि के साथ विस्तृत रूप से मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए

विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों/ जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विधिक सहायता टोल फ्री नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर से किस तरह सहायता प्राप्त की जा सकती है के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पैरालीगल वालंटियर अंकित शर्मा द्वारा गुड-टच, बेड- टच के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य देशपांडे, अनिल निकम, एस.के. त्रिपाठी सहित समस्त सी.एम. राइज विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

संविदा कर्मियों में शासन के निर्णय से खुशी की लहर

## जिला अध्यक्ष ने कहा मप्र शासन ने साहसिक निर्णल लिए

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रविवार को आयोजित संविदा कर्मियों के महासम्मेलन में की गई घोषणाओं से जिले में संविदा कर्मियों में खुशी की लहर है। संविदा कर्मियों के बने संघटन ने भी मप्र शासन द्वारा की गई इस पहल का स्वागत किया है।**

शासन द्वारा संविदा कर्मियों के हित में न सिर्फ संविदा कल्चर समाप्त करने का निर्णय लिया है। बल्कि नेशनल पेंशन स्कीम के लाभ के साथ नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ के समान संविदा कर्मचारियों को भी लाभ देने के निर्णय हुए है। मप्र शासन द्वारा लिए गए निर्णय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय ठक्कर ने शासन के निर्णयों को एक उपहार माना है। ये कई तरह की मांगें जो जो पूरी की गई है। सभी स्वागत योग्य है। नेशनल स्वास्थ्य मिशन की संविदा कर्मी संघठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता हिरवे ने कहा कि प्रदेश के संविदा जगत में हर्ष व्याप्त है। संविदा कर्मियों को नियमित कर्मियों की तरह 100 प्रतिशत वेतन का लाभ तथा प्रतिवर्ष संविदा अनुबंध प्रथा को बंद करने का साहसिक निर्णय जिले के कई संविदा कर्मियों के हित में है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 950 संविदा कर्मी है। शासन ने इसके अलावा पेंशन का लाभ, 180 दिनों मातृत्व अवकाश और रिटायरमेंट के बाद ग्रेच्युटी का लाभ और नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय अत्यंत सराहनीय है। संविदा कर्मी के परिवार में इस निर्णय ने खुशियां दी है।

### इनका कहना है

उपस्वास्थ्य केंद्र छोटी खरगोन में कार्यरत संविदा कर्मी ममता डावर कहती है कि सीएम श्री चौहान ने जो दिया है वो किसी से कम नहीं, जीवन भर ये निर्णय हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। महेश्वर तहसील के ग्राम नांद्रा उप स्वास्थ केंद्र में पदस्थ माया चौहान ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को अनुकम्पा नियुक्ति और 100 प्रतिशत वेतन देने के निर्णय से अत्यंत खुश है। महेश्वर में पदस्थ निर्मला ने संविदाकर्मियों के महासम्मेलन में दिए उपहार के लिए कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति, एनपीएस का लाभ और 100 प्रतिशत सैलरी से हमारे परिवार में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। मेरी जैसी बहनों के स्वाभिमान को बढ़ाने का कार्य किया है।

### संविदा कर्मियों के हितों में मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रमुख घोषणाएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संविदा कर्मचारियों की सेवाओं के लिए प्रतिवर्ष की जाने वाली अनुबंध प्रक्रिया को समाप्त करने की घोषणा की है। इसके अलावा समय-सीमा में नेशनल पेंशन स्कीम का लाभ देने, वेतन/मानदेय में पूर्व में निर्धारित 90 प्रतिशत के स्थान पर शत-प्रतिशत वेतन देने, स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, आवश्यक गणना संबंधी कार्यवाही, अनुकंपा नियुक्ति का लाभ और रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी की भी व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। साथ ही विभागों में नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत पदों पर संविदा कर्मचारियों को आरक्षण देने, नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश के साथ मातृत्व अवकाश, आकस्मिक, अर्जित और ऐच्छिक अवकाश तथा कुछ कारणों से संविदा कर्मचारियों के काटे गए वेतन की राशि वापस करने का भी फैसला किया गया है।

## जमीन विवाद को लेकर पुलिस द्वारा निराशाजनक कार्यवाही के खिलाफ प्रतिनिधि मण्डल ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीते दिनों गांव गिरदौड़ा में एग्रीमेंट के दम पर भूमि स्वामी की जमीन पर कब्जा करने को लेकर हुए विवाद पर कठोर और त्वरित कार्रवाई नहीं होने से नीमच के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार 5 जून को पुलिस अधीक्षक से मिलकर संपूर्ण वस्तु स्थिति अवगत कराएं कि किसी को भी ताकत और लठ के आधार पर मारपीट करने का अधिकार नहीं है लेकिन सिटी पुलिस की कार्रवाई निराशाजनक और अत्यधिक धीमी है।

ज्ञात है कि 30 जून , 2023 को विक्रम पाटीदार ने रिपोर्ट की कि उसकी जमीन पर चंद्रशेखर नागदा, सरदार सिंह गुर्जर एवं उसके पुत्र ने अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास कर उसके तथा महेंद्र के साथ लठ से मारपीट की तथा डरा धमकाकर मोबाइल लूटे है ।क्षजिसकी तत्काल पुलिस को सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने एफ आई आर दर्ज नहीं की है।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी से प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर बताया कि चाहे कुछ भी हो लेकिन किसी भी व्यक्ति को हथियार उठाने, ताकत दिखाने का अधिकार नहीं है। नीमच शांतिप्रिय क्षेत्र है , इस में शांति बनी रहे इसके लिए दोषियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई होना थी, लेकिन नीमच सिटी पुलिस की कार्यवाही अत्यधिक धीमी और निराश करने वाली है।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी ने प्रतिनिधिमंडल को गंभीरता से सुना तथा न्याय संगत एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री मनीष जोशी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री श्याम चतुर्वेदी ,श्री बालकृष्ण शर्मा ,श्री महेश पाटीदार, श्री राजेश जाट, श्री सचिन शर्मा ,श्री युगल वैरागी ,श्री शंभू सिंह चौहान वरिष्ठ पत्रकार जिनेंद्र कुमार सुराणा, पार्षद वीरेंद्र पाटीदार, पूर्व पार्षदगण मुकेश पोरवाल,राजेश अजमेरा, संजय पंवार , पाटीदार समाज के जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर पाटीदार, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश पाटीदार ,जिला पाटीदार समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार ,भादवामाता ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेमसुख एवं सचिव लक्ष्मीनारायण पाटीदार, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष विश्वास पाटीदार, पूर्व जिला सचिव एवं ट्रस्टी निलेश पाटीदार, जीरन के पार्षद दिलीप पाटीदार ,प्रकाश पाटीदार ,मुकेश पाटीदार ,नीमच के समाजसेवी मदनलाल भंडारी, दिलीप जैन मोड़ी आदि अनेक नीमच के बुद्धिजीवी उपस्थित थे ।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे ज्यादा आश्चर्य इस बात पर व्यक्त किया कि इतनी गंभीर घटना का वीडियो नीमच सिटी पुलिस के पास पहुंच गया था। पीड़ित भी पहुंच गया था लेकिन पुलिस ने इसे सिविल मामला बताकर रफा-दफा करने का प्रयास किया है ।जबकि एग्रीमेंट के आधार पर किसी भी व्यक्ति को जमीनों पर कब्जा करने का अधिकार नहीं है ,जब तक रजिस्ट्री नहीं होती है कोई भी प्रस्तावित खरीदार जमीन पर नहीं जा सकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से तत्काल कठोर कार्रवाई कराने तथा निष्क्रिय नीमच सिटी पुलिस के कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए एक ज्ञापन भी दिया।

गिरदौड़ा की भूमि पर अपराध करने के बाद तैयार झूठे आरोपों का जवाब एवं स्पष्टीकरण

**नोट- (किसी भी व्यक्ति के पास अनुबंध हो तो वह उसके आधार पर जमीन पर प्रवेश नहीं कर सकता है, कब्जा प्राप्त नहीं कर सकता है, मारपीट नहीं कर सकता है, लठ नहीं चला सकता है और मोबाइल नहीं लूट सकता।)**

### विक्रम पाटीदार का बयान–

1. मैंने अपनी भूमि बेचने के दो अनुबंध नहीं किए हुए हैं।

2. यथाकथित विनोद के साथ मेरा अनुबंध नहीं है ।

3.चंद्रशेखर नागदा के साथ सशर्त अनुबंध दिनांक 9 सितंबर ,2022 का हुआ था जिसके अनुसार 3 माह में रजिस्ट्री कराना थी।

4. रजिस्ट्री के समय कब्जा सौपने का करार है।

5.दिनांक 9/12/2022 चंद्रशेखर नागदा ने मुझे करार अनुसार रुपए नहीं दिए।

6. दिनांक 9/12/2022 तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई ।

7.चंद्रशेखर नागदा और प्रॉपर्टी दलाल को बार बार फोन किए और व्हाट्सएप पर संदेश भेजें लेकिन उन्होंने करार का पालन नहीं किया।

8. चंद्रशेखर नागदा को दिनांक 10/5/23 का नोटिस देकर उसका अनुबंध निरस्त कर साई खाई करने का सूचना दी गई।

9. मिथ्या और झूठी आपत्ति समय निकल जाने के बाद दिनांक 24 जनवरी , 23 की करने वाले अज्ञात व्यक्ति को द्वारा अधिवक्ता दिनांक 25 जनवरी , 23 का नोटिस मानहानि और माफी का नोटिस दिया गया ।

10. दिनांक 30 जून, 23 को किसी भी व्यक्ति को अनुबंध के आधार पर जमीन पर प्रवेश करने , लठ चलाने और मोबाइल लूटने का अधिकार नहीं है।

11 हमारे द्वारा आरोपियों और पुलिस के विरुद्ध की गई शिकायत के बाद झूठा एवं आधार तैयार किया गया है।

**विक्रम पाटीदार**
**शास्त्री नगर, नीमच**

# राजश्री देशपांडे और निर्देशक सुदीप कंवल अपनी फिल्म प्राइवेसी के रेड कार्पेट पर पोज देते हुए, जिसका प्रीमियर इस साल एशिया के सबसे बड़े जॉनर सिनेमा फेस्टिवल बिफैन में हुआ था।




**जीएनएस।** एशिया का सबसे बड़े जॉनर सिनेमा इवेंट, बुकियॉन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बिफैन) शुरू हो चुका है और फिल्म 'प्राइवेसी' ने पहले ही धूम मचाना शुरू कर चुकी है। राजश्री देशपांडे, सुदीप कंवल, आकाश बनर्जी, निशंक वर्मा और सौरभ गोयल सहित प्रतिभाशाली टीम ने अपनी उपस्थिति से इस इंटेंस सामाजिक थ्रिलर के रेड कार्पेट को रोशन किया।

राजश्री देशपांडे ने पारंपरिक मराठी नोजपिन के साथ एक ट्रेडिशनल नौवारी साड़ी पहनकर अपनी महाराष्ट्रीयन जड़ों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। दक्षिण कोरिया से अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, राजश्री देशपांडे ने कहा, मैं बहुत खुश हूं! एक साधारण मराठी लड़की के रूप में, नौवारी साड़ी मेरे लिए बहुत महत्व रखती है। आज, मुझे इंडिया के आकर्षक कल्चर को ग्लोबल लेवल पर दिखाने का अवसर मिला! मैंने यह एक्जोटिक नोजपिन उधार ली है मेरी बहन,




और इसने वास्तव में मेरे ट्रेडिशनल लुक को एन्हांस कर दिया। चूंकि फिल्म इतनी अनूठी है, मैंने एक विशिष्ट रेड कार्पेट अपीयरेंस के बारे में सोचा। इसके अलावा, 'प्राइवेसी' एक महत्वपूर्ण फिल्म है जो प्रकाश डालती है मानसिक स्वास्थ्य और पर्सनल स्पेस से संबंधित मुद्दों पर।

'प्राइवेसी' के लेखक और निर्देशक सुदीप कंवल ने कहा, बिफैन में हमें जो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, उसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। पहले ही दिन कार्यक्रम के निदेशक एलेन किम ने मुझे दूर से देखा, दौड़कर आए और मुझे गले लगाया। उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें फिल्म कितनी पसंद आई। उत्सव के वॉलंटियर्स से लेकर आयोजकों तक, प्रत्येक व्यक्ति बेहद विनम्र है। हम प्रीमियर पर मिली शानदार प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं और खुश हैं कि 'प्राइवेसी' जैसी महत्वपूर्ण कहानी को एक महत्वपूर्ण मंच पर इस तरह प्रदर्शित किया गया।

'प्राइवेसी' एक डार्क सोशल थ्रिलर है जो मुंबई में स्थित एक संकटग्रस्त निगरानी केंद्र संचालक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी शिफ्ट के दौरान होने वाली असामान्य घटनाओं की जांच शुरू करती है।

हाउस ऑफ टैलेंट स्टूडियो के सहयोग से फंडामेंटल पिक्चर्स के नवीन शेट्टी और श्लोक शर्मा द्वारा निर्मित, 'प्राइवेसी' में संदेश कुलकर्णी, अभिलाष थपलियाल, छाया कदम, रुशद राणा और सागर सालुंके जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# राजस्थान में सत्ता में वापसी और मोदी जी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तयः शाह




**जीएनएस।** जनता की नब्ज को भाँपने वाले भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह को यकीन है कि राजस्थान की जनता इस साल के अंत में होने वाले आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में %3डी% गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकेगी। हाल ही में राजस्थान में एक विशाल सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह विश्वास भी जताया कि नरेन्द्र मोदी का 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है।

शाह के आत्मविश्वास की वजह रैली में उमड़ी विशाल भीड़ थी। भाजपा के प्रमुख चुनावी रणनीतिकर ने अपने खास अंदाज में कहा कि, 'गहलोत जी, इस उम्र में इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि इस सभा में मौजूद भीड़ का एक वीडियो उन्होंने देख लिया तो उन्हें पता चल जाएगा कि उनकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा 2023 में राजस्थान चुनाव के साथ-साथ 2024 का लोकसभा चुनाव भी जीतेगी।'

राज्य में अवैध खनन की गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं। राज्य सचिवालय से भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी और एक किलोग्राम सोना बरामद किया गया। गहलोत 2018 के चुनावों में अपनी पार्टी द्वारा किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। किसानों का कर्ज अभी तक माफ नहीं हुआ है, कर्ज नहीं चुकाने पर 19,000 किसानों की जमीन जब्त कर ली गई है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी और बलात्कार के मामले में भी राज्य देश में शीर्ष पर है।

शाह ने गहलोत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। राज्य सरकार पर कन्हैया लाल हत्या मामले में दोषियों को पकड़ने में देरी करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि, 'अगर उसने एक विशेष अदालत का गठन किया होता तो आरोपियों को अब तक फाँसी पर लटका दिया गया होता। पैगंबर मोहम्मद पर निलंबित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी का कथित रूप से समर्थन करने के लिए 28 जून को दो लोगों ने लाल की हत्या कर दी थी। कांग्रेस को अपनी वोट बैंक की राजनीति पर शर्म आनी चाहिए।'

इस सच से कोई अनजान नहीं है कि कन्हैया लाल को सुरक्षा प्रदान करने में गहलोत सरकार विफल रही। राजस्थान पुलिस आतंकियों को पकड़ना नहीं चाहती थी, इसलिए मूकदर्शक बनी रही। एनआईए ने दोषियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्यमंत्री गहलोत झूठी अफवाह फैलाने में व्यस्त रहे कि संदिग्धों के खिलाफ कोई आरोपपत्र दायर नहीं किया गया है। आरोप पत्र 22 दिसंबर, 2022 को दायर किया गया था।

मोदी जी के नेतृत्व और शाह की सख्त रणनीतियों के तहत जिस पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया, उस संगठन को भी राजस्थान सरकार राज्य में खुली छूट दे रखी है। जिसका ताजा उदाहरण कोटा में पीएफआई द्वारा निकाली गई रैली है।

पिछले पाँच सालों में राज्य के लोग गहलोत सरकार से निराश हो चुके हैं। गहलोत सरकार को 'सबसे भ्रष्ट' प्रशासन चलाने का गौरव प्राप्त है। विभिन्न सर्वेक्षणों ने भी स्पष्ट किया है कि राज्य पिछले तीन से चार वर्षों से भ्रष्टाचार में पहले स्थान पर है। गहलोत 3डी अर्थात दंगा (दंगा), दलित अत्याचार और महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार (अपराध) वाली सरकार चलाते हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है, आगामी चुनाव में गहलोत सरकार का जाना तय है।

## मनचली

एक अजीब सी बेचैनी है श्रेया के मन में कहीं गलत आदमी के साथ तो मैंने सारी जिंदगी नहीं गुजार दी ! आकाश के बारे में सोचते - सोचते वो कहीं अतीत में खो सी गई।

उसे याद है जब वो कालेज में थी ,वो कालेज की जान थी। कालेज काफी लड़के उसके इर्द-गिर्द मंडराते रहते थे। आदित्य से उसकी दोस्ती सारे कैम्पस में मशहूर थी। सभी को ये लगता था कि इनकी दोस्ती आगे चलकर शादी तक पहुंचे, लेकिन कालेज खत्म होने के बाद आदित्य एम बी ए करने बैंगलोर चला गया।

इधर श्रेया के घरवाले उसकी शादी करने पर जोर दे रहे थे। श्रेया ने आदित्य को शादी करने के लिए बहुत कन्विंस किया लेकिन वो हमेशा यह कहकर टालता रहा मैं एक बार सेटल हो लूं तभी शादी करूंगा!

आखिरकार श्रेया को अपने घरवालों के सामने झुकना पड़ा और उसने आकाश से शादी कर ली। आकाश एक अच्छा इंसान और अच्छा पति था, श्रेया का बहुत ख्याल रखता था लेकिन श्रेया उसमें हमेशा आदित्य को ढूंढती थी। यहां तक कि अगर कोई व्यक्ति आदित्य के जैसा लगता वो उससे नजदीकियां बढ़ाने लगती हंलाकि आकाश को ये सब बिल्कुल पसन्द नहीं था वो उसे मना भी करता लेकिन वो मानती नहीं थी।इस बात पर उनकी हमेशा तकरार होती थी। धीरे धीरे आकाश ने हथियार डाल दिये।इधर श्रेया का उच्छंखलता बढ़ती गई।वो अपने पुरुष मित्रों के संग कहीं भी आने-जाने लगी। उसके पैर अब घर में टिकते ही नहीं थे।

आकाश जिस जाब में था उसमें हर दो-तीन साल में तबादला होता रहता था । वो श्रेया की हरकतों को ये सोचकर इग्नोर करता था दूसरे शहर में जाकर इसकी आदतें सुधर जाएगी। लेकिन शहर कोई भी हो उसकी आदतें नहीं सुधरी। जहां कोई आकाश का सहकर्मी उसके घर आता वो उसके साथ नजदीकियां बढ़ाने लगती।

धीरे धीरे आकाश उसकी हरकतों से तंग आकर आफिस के काम से अक्सर बाहर रहने लगा। लेकिन श्रेया को रत्तीभर फर्क नहीं पड़ता वो तो बस तितली कि तरह इधर-उधर फिरती रही।

अब तो उन दोनों के शादी को 25 साल हो गए। इतने साल के बाद श्रेया को लगने लगा कि उसने गलत आदमी से शादी कर ली।उसने जैसी जिंदगी चाही थी वैसी मिली नहीं।



**- विभा कुमारी नीरजा**

# कनिका ढिल्लों कथा पिक्चर्स के साथ निर्माता बनीं, काजोल और कृति सैनन अभिनीत पहली फिल्म दो पत्ती की घोषणा0



**जीएनएस।** प्रसिद्ध लेखिका से निर्माता बनीं कनिका ढिल्लों अपने बैनर, कथा पिक्चर्स के तहत अपने पहले प्रोडक्शन प्रोजेक्ट के साथ फिल्म निर्माण की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दो पत्ती शीर्षक वाली इस फिल्म ने प्रतिभाशाली बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन को प्रमुख सितारों के रूप में शामिल कर लिया है।

'केदारनाथ', 'मनमर्जियां', 'हसीन दिलरुबा', 'रश्मि रॉकेट' और 'गिल्टी' जैसी बहुचर्चित फिल्मों में अपनी कहानियों से दुनिया को साहसिक यात्राओं पर ले जाने वाली कनिका ढिल्लों ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, मैं एक निर्माता के रूप में इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए बेहद रोमांचित हूं। दो पत्ती एक सम्मोहक कहानी है, एक लेखक के रूप में मेरे दिल के बहुत करीब है। और दो पत्ती के साथ एक निर्माता के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। कृति और काजोल जैसे प्रतिभाशाली कलाकार और निश्चित रूप से नेटफ्लिक्स के साथ अपना पहला कदम लेने के लिए उत्सुक हूँ। मेरे अंदर का लेखक आज सशक्त महसूस करता है कि कागज पर अपनी दुनिया बनाने के साथ, मैं अपनी दृष्टि को वास्तविकता में बदल सकती हूं। मुझे एक ऐसा प्रोडक्शन हाउस बनाने की दिशा में काम करने की उम्मीद है जो कहानियाँ और कहानीकार दोनों को सशक्त बनाता है।

यादगार स्क्रीन किरदारों और गहराई से जुड़ने वाली मजबूत कहानियों को लिखने के लिए जानी जाने वाली कनिका का अपने प्रोडक्शन हाउस कथा पिक्चर्स के माध्यम से लेखकों के लिए एक ऐसा मंच तैयार करना है जो उन्हें सशक्त बनाए और नयी और शक्तिशाली कहानियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करे।

लेखक से निर्माता बनीं कानिका फिलहाल अपनी आगामी रिलीज के लिए भी तैयारी कर रही हैं, जिसमें राजकुमार हिरानी निर्देशित, शाहरुख खान अभिनीत डंकी और हसीन दिलरुबा की सफलता के बाद फिर आई हसीन दिलरुबा समेत अन्य फिल्में शामिल हैं।

भावनानी के भाव

## साहित्य राष्ट्र की महानता

*साहित्य राष्ट्र की महानता*
*और वैभव का दर्पण होता है*
*साहित्य को आकार देने में संस्कृति*
*और परंपराओं का महत्वपूर्ण रोल होता है*
*साहित्य का ख़जाना भारत में अनमोल है*
*साहित्य को जीवंतमय बनाने में*
*प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण रोल है*
*कायम रखने में हमारे पूर्वजों का विशेष रोल है*
*सच्चाई को लेखनी से सलाम करते हैं*
*उनकी लेखनी अस्त्र महत्वपूर्ण कलम है*
*बुराई का धागा तीव्र कलम अस्त्र से काटते हैं*
*लेखक कवि बुद्धिजीवी पत्रकार को सलाम है*
*जो साहित्य और कविताएं सामाजिक कल्याण*
*पर केंद्रित है वह कालजई होती है*
*यही कारण है रामायण और महाभारत*
*जैसे महाकाव्य आज भी हमें प्रेरणा देते हैं*
*हमारे भारत के ज्ञान भण्डार में इतनी जबरदस्त*
*एवं चमत्कारिक बातें छिपी हुई हैं,*
*हम यह सोचने पर विवश हो जाते हैं कि*
*विराट ज्ञान हमारे पास कहां से सवालिया निशान है*
*आयाजब उस प्राचीनकाल में यह जबरदस्त*
*ज्ञानभंडार हमारे पास था, तो अब क्यों नहीं है*
*यह ज्ञान कहां चला गया*
*सबसे बड़ा सवालिया निशान है*

**- किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया**

## है तेरी तकदीर

*किस्मत पर करता रहा ,खादिम बहुत घमंड ,*
*पर इक दिन वो ढह गई ,जैसे बर्फ प्रचंड।*

*किस्मत पर होता नहीं ,कभी किसी का जोर ,*
*जब किस्मत फटकारती ,दुख होता घनघोर।*

*बनती है तजदीर जब ,हो जाते सब काम ,*
*तकदीरें जब बिगड़ती ,बिगड़े काम तमाम।*

*तकदीरों का फैसला ,सका न कोई जान ,*
*तुरत फुरत होता सखे ,करता मन हैरान।*

*तेरे ये दो हाथ ही ,हैं तेरी तकदीर ,*
*कर्मों से ही हर दफ़ा,बने नसीब लकीर।*

**-महेंद्र कुमार वर्मा**

## क्षणिकाएं

***प्रयोग***
*'कही की ईट कहीं का रोड़ा'*
*भानुमति ने कुनबा जोड़ा*
*इस कहावत का प्रयोग*
*नेता खूब करते हैं*
*जोड़ तोड़कर मंत्रीमंडल का*
*गठन करते हैं*

***अन्तर***
*भाषणों में वे*
*देश की दुर्दशा पर*
*मगरमच्छ के ऑसू बहाते हैं*
*भूखमरी, ग़रीबी, लाचारी का ज़िक्र*
*करते-करते नहीं अघाते हैं*
*मगर वे ही जब*
*पार्टियों में जाते हैं*
*काजू-किशमिश*
*और मुर्ग-मसम्लम खाते हैं*

***सॉप***
*सॉप जहरीला प्राणी हैं*
*इस बात को*
*सब अच्छी तरह जानते हैं*
*फिर भी हम*
*आस्तीनों में सॉप पालते हैं*

**-रमेश मनोहरा**

## अरमान

*अरमान, ख्वाब हमारे*
*होते ही कहां है साहेब,*
*वो तो रौंद, कुचल दिया जाता है,*
*उस उम्र में*
*जिसे नौनिहाल कहा जाता है,*
*मां बाप का दुलारा*
*देहरी से बाहर कदम रखते ही*
*गालियों से,*
*जातिवादी तानों से,*
*हो जाता है सराबोर,*
*तब छा जाती है*
*बालमन पर घटा घनघोर,*
*फिर वो दुनियादारी समझने लगता है,*
*ख्वाहिशें तजने लगता है,*
*उम्र के बढ़ते खत्म से हो जाते हैं*
*दिल में छुपे सारे अरमान,*
*भरता जाता है आक्रोश का ज्वालामुखी,*
*जो तत्पर रहता है*
*लावा की तरह कभी भी*
*फूट पड़ने के लिए।*

*- राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़*

## शब्दों की तलवार

*खुशी कभी देती नहीं ,बहसबाजियां यार ,*
*सबसे बोलो प्रेम से ,नहीं करो तकरार।*

*यारों इस संसार में ,मत कर वाद विवाद ,*
*खुशियां तो देगा नहीं ,बस देगा अवसाद।*

*अगड़म बगड़म बोल के ,मत कर झगड़ा यार ,*
*ये जीवन खुशियों भरा ,भर इसमें बस प्यार।*

*बहुत तेज होती भगत,शब्दों की तलवार ,*
*इससे होते जो जखम ,कभी न मिटते यार।*

*दो के झगड़ों में कभी,मत पड़ना तुम यार ,*
*दोनों के मन में बसा ,नफरत का बाजार।*

**-महेंद्र कुमार वर्मा**

## //बिजली खंभा//

*सड़क किनारे बिजली खंभे। पड़ते बच्चे लगे अचम्भे।।*
*शहर शहर अरु गाँव गाँव में।खड़े रहे ये एक पाँव में।।*

*वायर रहता लम्बा काला।लगता जैसे मकड़ी जाला।।*
*घर दफ्तर बिजली पहुँचाता।काम सभी लोगों के आता।।*

*धूप छाँव अरु गिरता पानी।देख इन्हें होती हैरानी।।*
*पावर रखता इतना भारी।कभी न छूते नर अरु नारी।।*

*मानव इससे नाता जोड़े।इनका पीछा कभी न छोड़े।।*
*जीवन भर ये सेवा करते।जन जन में खुशियाँ ये भरते।।*

*खड़े रहे ये बिना सहारे।सदा मौन गम्भीर बिचारे।।*
*जोड़ रखे परिवार हमेशा।हमें नेक मिलता संदेशा।।*

**-प्रिया देवांगन प्रियू**

## लघुकथा- // जरूरी है //

पच्चीस रुपए प्रति किलो के हिसाब से हफ्ता भर के लिए ही चावल ले आना। घर में एक दाना नहीं है। ये एक सौ पचहत्तर रुपए हैं। पैसा नहीं है जी। इतना ही है। अपनी पत्नी केकती से पैसे लेकर गोकुल प्रभात प्रोविजन स्टोर्स गया।

गोकुल चावल तौलवा रहा था। तभी उसे एक आवाज सुनाई दी। पीछे मुड़कर देखा। उसका बेटा मनीष था। वह कक्षा छठवी का छात्र था। बोला- पापा ! मेरे लिए तीन कापी ले दो ना पच्चीस-तीस रुपए वाली। बहुत जरुरी है। सर लिवा ही लेना बोले हैं।

कुछ देर तक गोकुल चुप रहा। पिता-पुत्र के बीच कुछ कानाफूसी हुई। फिर गोकुल दुकानदार से बोला- सेठजी ! पच्चीस रुपए वाली तीन कापी दे दो। सौ रुपए का ही चावल दे दो सेठजी। तभी मनीष बोला-सप्ताह भर के लिए चावल भी जरूरी है पापा। चलाएँगे बेटा जैसे भी। मनीष अपने पापा गोकुल से लिपट गया।

**-टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

# सोनी सब के वंशज में नील की भूमिका निभा रहे मोहित कुमार ने कहा, 'नील को महाजन परिवार हमेशा से नापसंद रहा है'

**जीएनएस।** सोनी सब का मनमोहक पारिवारिक ड्रामा, वंशज दर्शकों को एक विरासती व्यावसायिक साम्राज्य की दुनिया के रोमांचक सफर पर ले जाता है। हाल ही में, शो में मोहित कुमार को नील की भूमिका में पेश किया गया, जो महाजन परिवार के प्रति गहरी नफरत रखता है। युविका (अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत) और नील पहले भी ऋषिकेष में एक-दूसरे से मिल चुके हैं और जब युविका महाजन हाउस में चली जाती है तो वे एक बार फिर मिलते हैं, जिससे आगामी कहानी में रोमांचक मोड़ आते हैं।





## एक स्पष्ट बातचीत में, मोहित कुमार ने बताया-

**1.हमें अपने किरदार, नील और महाजन परिवार के साथ उसके रिश्ते के बारे में कुछ बताएं?**

मेरा किरदार नील विदुर (अलीरज़ा नामदार) का विद्रोही बेटा है। नील का अपने पिता विदुर के साथ उसका रिश्ता अनोखा है। भले ही, वे दोनों एक-दूसरे की दुनिया हैं, लेकिन उनकी वफादारी अलग है। विदुर महाजन परिवार का सबसे विश्वासु व्यक्ति है, जो वर्षों से उनके प्रति अपनी वफादारी के लिए जाना जाता है, लेकिन नील के मन में उनके प्रति गहरी नफरत है। महाजन परिवार के साथ नील का रिश्ता जटिल है क्योंकि उसे लगता है कि इस परिवार ने उसके पिता के साथ गलत किया है।

**2.इस शो की विचारधाराः विरासत बनाम क्षमता पर आपकी सोच क्या है?**

योग्यता और विरासत से संबंधित चर्चा जटिल और बहुआयामी है। इसे किसी साधारण ये या फिर वो जैसी स्थिति में सीमित नहीं किया जा सकता। भले ही सफलता के लिए स्वाभाविक प्रतिभा और कड़ी मेहनत महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें समाज की भूमिका और अवसरों तक पहुंच को भी पहचानना चाहिए।

**3.क्या आप शो में नील की भावी भूमिका के संबंध में कोई संकेत दे सकते हैं? क्या उसके किरदार में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन या विकास होगा?**

आगामी एपिसोड्स में, नील का किरदार एक रोमांचक मोड़ लेने के लिए तैयार है, जिससे कहानी में कई नए पहलू जुड़ेंगे। जैसे-जैसे दर्शक नील के अतीत को जानते जाएंगे और महाजन परिवार के सदस्यों, विशेषकर धनराज के प्रति उसकी नफरत के कारणों को समझते जाएंगे, वैसे-वैसे शो में अन्य किरदारों के साथ उसका रिश्ता जटिलता और दिलचस्पी का तत्व जोड़ता जाएगा। शो के आगे बढ़ने के साथ ही, नील के किरदार में अप्रत्याशित मोड़ और भावनात्मक संघर्ष सामने आएंगे, जो शो की समग्र कहानी को और बेहतर बनाएंगे।

**4.नील का विद्रोही स्वभाव शो में अन्य किरदारों, विशेषकर महाजन परिवार के सदस्यों के साथ उसके रिश्ते को कैसे प्रभावित करता है?**

नील का विद्रोही स्वभाव उसकी ऐसी शक्तिशाली क्षमता है, जिससे महाजन परिवार के साथ उसका रिश्ता आकार लेता है, जिससे शो के भीतर कुछ आकर्षक हालात पैदा होते हैं। गहरी नाराज़गी और अन्याय की प्रबल भावना के साथ, नील के भावनात्मक जीवन को उन दुर्भाग्यपूर्ण अनुभवों से प्रेरणा मिलती है, जिनका सामना उसके पिता ने महाजन परिवार के सदस्यों के कारण किया है। एक आउटहाउस में अपने पिता के साथ रहते हुए, नील के मन में महाजनों के प्रति गहरी नफरत पैदा हो गई है, क्योंकि उसे पूरा यकीन है कि उन्होंने उसके पिता की संवेदनशीलता का फायदा उठाया है।

**5.इस स्टार कास्ट में कई अनुभवी कलाकार शामिल हैं जिन्होंने विभिन्न शो में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। आपने उनके साथ काम करके क्या सीखा?**

उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बेहद प्रतिभाशाली व्यक्तियों की शानदार कास्ट के साथ काम करना असाधारण रहा है। अली सर और पुनीत सर जैसे अन्य सम्मानित कलाकारों से सीखने का अमूल्य अवसर मिला है। उनके मार्गदर्शन, व्यावसायिकता और विशेषज्ञता ने मुझे एक अभिनेता के रूप में बेहतर बनने में मदद की है, और मुझे वास्तव में इस समृद्ध यात्रा का हर पल पसंद है। सेट पर सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक माहौल ने निरंतर सीखने की भावना को बढ़ावा दिया है, और मैं इस परिवर्तनकारी अनुभव के लिए आभारी हूं जिसने मेरी कला के प्रति मेरे जुनून को और भी बढ़ा दिया है।

**सोनी सब का वंशज देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार, रात 10 बजे**

# त्रिवेणी संगम से निकली सावन की पहली समर्पण कावड़ यात्रा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सावन मास की पहली समर्पण कावड़ यात्रा बुधवार को त्रिवेणी संगम से निकली। जिसमें सात हजार से अधिक कावड़ यात्री शामिल हुये। समर्पण कावड़ यात्रा यह 15 वर्ष था। जो महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें 101 गांव के कावड़ यात्री शामिल हुये थे।

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में श्रावण-भादो महोत्सव की शुरुआत 4 जुलाई से हो चुकी है। इस बार अधिक मास के चलते 19 साल बाद श्रावण भादो मास 59 दिनों का रहेगा। जिसमें बाबा महाकाल की 10 सवारी निकाली जाएगी। श्रावण मास में पवित्र नदियों के जल से बाबा महाकाल के जलाभिषेक करने के लिए देश के अलग-अलग शहरों से कावड़ यात्री उज्जैन पहुंच गए जिसकी शुरुआत बुधवार को पहली कावड़ यात्रा समपज़्ण यात्रा के रूप में बाबा महाकाल के दरबार पहुंची। महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के नेतृत्व में इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी संगम से शुरू हुई कावड़ यात्रा में 101 गांव के यात्री शामिल हुए थे। सुबह 10 बजे कावड़ यात्रा की शुरुआत शनि मंदिर स्थित भगवान शनि देव और मां शिप्रा के साथ मां नर्मदा का पूजन कर हुई। इंदौर रोड से शुरू हुई यात्रा टावर चौक पहुंची जहां से देवासगेट, दौलतगंज चौराहा, नई सड़क, कंठाल, गोपाल मंदिर, गुजरी चौराहा होते हुए महाकाल मंदिर तक पहुंची। कावड़ यात्रा का पूरा मागज़ भगवा रंग में रंगा नजर आया और बोल बम की गूंज सुनाई देती रही। श्रावण मास की पहली कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वषाज़ से भव्य स्वागत किया गया। महाकाल मंदिर पहुंचे यात्रियों ने अपने कावड़ में भरा पवित्र नदी का जल महाकाल मंदिर में लगे जल पात्र में अपिज़्त किया। डीजे की धुन पर बाबा महाकाल का उद्घोष करते हुए महिला, पुरुष, बुजुगज़ और बच्चे भी अपने कंधों पर कावड़ लेकर चल रहे थे। कावड़ यात्रा में सांसद अनिल फिरोजिया, अखिल भारतीय गुरु भक्त मंडल के अध्यक्ष तपन भौमिक, ओम जैन, पूवज़ निगम सभापति सोनू गेहलोत 7 हजार से अधिक यात्रियों के साथ शामिल थे। सोनू गहलोत ने बताया कि महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के नेतृत्व में विगत 15 वर्षो से श्रावण मास की पहली कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। पहली कावड़ यात्रा निकलने के बाद अब दिन रात कावड़ यात्रियों का धार्मिक नगरी में आगमन होगा।

## 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम में स्वामी विवेकानन्द के निर्वाण दिवस पर दोनों पैरों एवं हाथ से लाचार वृद्ध को अपनाया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम में स्वामी विवेकानन्द के निर्वाण दिवस पर ग्राम कंजड़ जिला बड़वानी निवासी आदिवासी 60 वर्षीय श्यामू जिनके दोनों पैर कट गए एवं एक हाथ से लाचार वृद्ध को सड़क पर दयनीय स्थिति में देख मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अंजड़ ने आजीवन आश्रय हेतु सेवाधाम भेजा। सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द के निर्वाण दिवस पर मुझे पुनः सेवा का अवसर मिला इस हेतु धन्यवाद।

# रेलवे कर्मचारी के मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। चोरों ने दिनदहाड़े रेलवे कर्मचारी के मकान का ताला तोड़कर 3 लाख से अधिक के आभूषण और हजारों की नगदी चोरी कर ली। नीलगंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि लोटि स्कूल के सामने बनी रेलवे कालोनी में रहने वाले विशाल पिता हरिराम सोनी के मकान में दोपहर के समय चोरों ने धावा बोला और ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ 30 हजार से अधिक नगद चोरी कर लिये। वारदात का पता उस वक्त चला जब विशाल सोनी की भांजी पलक दोपहर में स्कूल से लौटकर आई। विशाल सोनी रेलवे में वाणिज्य लिपिक के पद पर है। वारदात के समय वह ड्युटी पर गये थे, पत्नी और बहन भोपाल गये हुये थे। दिनदहाड़े हुई वारदात के साथ ही मंगलवार-बुधवार रात आगररोड खिलचीपुर पर शासकीय मु यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में चोरी होना सामने आया है। रात में बदमाशों ने ताला तोड़कर वहां लगी पानी की मोटर और एसी चोरी कर लिया। बुधवार सुबह क्लीनिक पर पदस्थ अमित पिता रोहित यादव पहुंचा तो उसने ताला टूटा देखा। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई।

### 19 दिन बाद दर्ज किया प्रकरण

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जानसापुरा में भी 19 दिन पहले चोरी की वारदात हुई थी। जिसमें पुलिस ने जांच के बाद शाहरूख पिता रशीद खान की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। चोरों ने आभूषण के साथ नगदी पर हाथ साफ किया था। वारदात के बाद मामला संदिग्ध नजर आ रहा था।

## आगर रोड़ से हटाई गई 07 चिकन, मटन दुकानें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम द्वारा मांस, मटन, चिकन की दुकानों के विरूद्ध आरंभ की गई कार्यवाही के अन्तर्गत बुधवार को आगर रोड क्षेत्र में की गई कार्यवाही में 07 चिकन, मटन की दुकानों को हटाया गया। दुकानों के बोर्ड और अन्य सामग्री हटाई जा कर चेतावनी दी कि अब पुनः दुकाने आरंभ की गई तो सखूत कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता के नेतृत्व में गैंग प्रभारी गोपाल बोयत एवं गैंग द्वारा की गई।

# झाडियों में खड़ा मिला चोरी गया ट्रेक्टर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। छः दिन पहले चोरी हुआ ट्रेक्टर मंगलवार को झाडियों में खड़ा मिल गया। पुलिस ट्रेक्टर जब्त कर लाई है। अब चोरी करने वालों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।**

उन्हेल थाना रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाले अमर पिता मनोज पाल सोनालिका ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 13 बीए 2650 घर के सामने से 27 जून की रात चोरी हो गया था। सुबह ट्रेक्टर नहीं मिलने पर अमर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों का सुराग तलाशना शुरू किया था। सीसीटीवी कैमरे में चार बदमाश ट्रेक्टर को धक्का लगाकर ले जाते दिखाई दिये थे। जिसके आधार पर तलाश की जा रही थी। छह दिन बाद पुलिस को सूचना मिली कि चोरी गया ट्रेक्टर ग्राम गोगापुर मंडी महिदपुररोड रेलवे ट्रेक के पास झाडियों में खड़ा हुआ है। थाना प्रभारी आईपीएस कृष्ण लालचंदानी ने एसआई पवन वास्कले, सुखसेन अरियाम, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण, आरक्षक देवेन्द्र को फरियादी के साथ मौके पर रवाना किया। जहां अमर ने ट्रेक्टर अपना होना बताया। जिसे जब्त कर उन्हेल थाने लाया गया है। एसआई पवन वास्कले के अनुसार अब फुटेज के आधार पर चोरी करने वालों का सुराग तलाशा जा रहा है। जिनके गिरफ्त में आने पर ओर भी वाहन चोरी का पता चल सकता है।

# योजना बना रहा था दुष्कर्म का आरोपी 4 साथियों के से पकड़ाया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा आरोपी आगररोड पर रात में साथियों के साथ झाड़ियों में छुपकर पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहा था। पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ा। जिनके पास से देशी कट्टा, पिस्टल सहित हथियार बरामद हुए है।

रविवार-सोमवार रात 2 बजे घट्टिया थाना पुलिस को सूचना मिली कि पिपलिया मुजप्ता की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते जैथल टेक के पास झाडियों में कुछ बदमाश दिखाई दे रहे है। टीआई विक्रमसिंह चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश शुरू की। झाडियों के पास 2 बाइक खड़ी दिखाई दी। जिसके आसपास घेराबंदी की गई। बदमाशों ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, लेकिन पांच बदमाश हिरासत में आ गये। बदमाशों के पास से एक दो नाली देशी कट्टा, एक पिस्टल मैग्जीन लगी, 6 जिंदा कारतूस, एक चाकू, क्रिकेट का स्टम्प, पाइप, मिर्ची पाउडर और 2 बाइक जब्त की गई और थाने लाया गया। बदमाशों ने पूछताछ में कबूल किया कि आगररोड जैथल के पास बने पेट्रोल पम्प पर डाका डालने की योजना बना रहे थे। बदमाशों के पास हथियार मिलने और डकैती की योजना बनाने का खुलासा होने पर पुलिस ने धारा 399, 402, 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। गिरफ्त में आये बदमाश अनिल सिकरवार उर्फ अनिल ठाकुर जीनएनटी मार्केट धाररोड इंदौर, राहुल पिता सुशील जैन बम्बोरा थाना चिंतामण उज्जैन, आकाश पिता सौदागर चौहान दग्विजयसिंह नगर आमदिया मल्टी द्वारकापुरी इंदौर , ध्रुव पिता राजाराम पचौरी सोनपुर सागर हाल मुकाम धरमबडला बडनगर रोड और मोहम्मद अब्दुल पिता मोहम्मद सलीम गौरी पलासिया न्यू महू बरगोदा इंदौर के रहने वाले है। टीआई चौहान के अनुसार डकैती की योजना बनाते गिरफ्त में आया अनिल ठाकुर उर्फ सिकरवार नाबालिग से दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा था।

नमामि गंगे को एमआईसी की स्वीकृति

# महापौर ने कहा प्रत्येक योजना की जानकारी स्पष्ट होना चाहिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेयर इन काउन्सिल या परिषद के समक्ष विचारार्थ रखे जाने वाले प्रस्ताव विस्तृत एवं स्पष्ट होकर समस्त जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रत्येक प्रस्ताव प्रभारी सदस्य के माध्यम से अग्रेषित हो।

यह निर्देश महापौर श्री मुकेश टटवाल ने दिये हैं। एमआईसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर ने नमामि गंगे योजना और ग्राण्ड होटल परिसर की भूमि को विक्रय किये जाने सम्बंधी प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की। आपने नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत पीलिया खाल और भेरूगढ़ नाले से निकलने वाले दूषित जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने हेतु 92.78 करोड की अवरूद्ध एवं परिवर्तन योजना तथा ग्राण्ड होटल परिसर के वर्तमान जीर्ण-शीर्ण भवनों को हटाकर भूमि को विक्रय किये जाने सम्बंधी प्रस्तावों को सूक्ष्मता से समझा गहन विचार विमर्श किया और अपेक्षित स्वीकृति प्रदान की।



नगर निगम में आउट सोर्स कर्मचारियों की पदस्थी हेतु नियुक्त आउटसोर्स एजेन्सी मे. डायमण्ड सिक्यूरिटी पर्सनल एवं मे. ईगल हंटर साल्युशन की अनुबंध अवधि को 3 माह के लिये बढ़ाते हुए दो वर्ष की अवधि हेतु तत्काल नवीन निविदा जारी करने की स्वीकृति एमआईसी द्वारा प्रदान की गई।

इसी प्रकार सफाई कर्मचारियों के सेवा निवृत्त होने पर उनके स्थान पर परिवार के किसी सदस्य को शासन के आउट सोर्स सम्बंधी निर्देश के तहत परम्परागत नियुक्ति दिये जाने सम्बंधी प्रकरणो को तथा गौतम मार्ग चौड़ीकरण मुआवजा सम्बंधी प्रकरणो को भी प्रस्ताव अनुसार स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह, एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री रजत मेहता, श्री प्रकाश शर्मा, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री कैलाश प्रजापत, श्री जितेन्द्र कुवाल, श्री अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, श्रीमती सुगन बाबुलाल वाघेला, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, निगम सचिव एवं अपर आयुक्त श्री आर.एस. मण्डलोई के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# ट्रेनों में चढ़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी जीआरपी के हत्ते चढ़े

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ट्रेनों में चढ़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी जीआरपी के हत्ते चढ़े है। आरोपी ने दो दिन पहले ट्रेन में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने बदमाश और उसके साथी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 4 लाख रूपए से अधिक का चोरी का माल बरामद किया है।

दो दिन पहले सोमवार को महाकाल एक्सप्रेस में सफर कर रहे कानपुर निवासी संदीप कुमार का बेग चोरी हो गया था। बेग में लेपटॉप और घडी थी । यात्री की रिपोर्ट ञ्र पर केस दर्ज कर स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज तलाशे तो पता चला कि महाशक्ति नगर निवासी बदमाश केशव ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वह अपने साथी विजय तोमर को लेकर बाइक पर सवार होकर स्टेशन पंहुचा और चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जीआरपी ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। केशव ने सूरत के रहने वाले शरद चौपडा की इंदौर-कोचिवली एक्सप्रेस से 25 मई को लेपटॉप चोरी करने की वारदात भी कबूली। दोनों से अन्य चोरियों का माल भी बरामद हुआ है।

### आरोपी पहले भी कई चोरी में शामिल रहा

टीआई आरबीएस कुशवाह ने बताया कि बदमाश केशव पहले भी कई चोरी की वारदात में शामिल रहा है उसके खिलाफ रतलाम जीआरपी में आईफोन चोरी का केस दर्ज है। उसकी निशानदेही पर 3 लेपटॉप, 1 टेबलेट, 3 मोबाइल, 2 घडी, एक बाइक कुल कीमत 4 लाख 5 हजार का माल बरामद किया गया है।

## निगम ने जब्त की 5 क्विंटल पॉलीथीन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम द्वारा अमानक स्तर की प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता के नेतृत्व में गेंग प्रभारी श्री गोपाल बोयत एवं दल द्वारा की गई कार्यवाही के अन्तर्गत अरिहन्त इलेक्ट्रिक आगर रोड़ पर छापा मार कार्यवाही करते हुए करीब 5 क्विंटल पॉलीथीन जब्त की। आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने आम व्यवसाईयों को सचेत किया हैं कि यदि अब भी प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग बन्द नहीं किया गया तो जनहित एवं नगर हिम में अब और सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## पिछले चौबीस घंटे में उज्जैन और झारड़ा में वर्षा हुई


**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले चौबीस घंटे के दौरान 5 जुलाई की प्रातः तक उज्जैन जिले की उज्जैन तहसील में 9 मिमी और झारड़ा तहसील में 17 मिमी वर्षा हुई है। अभी तक जिले में औसत 114.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# उज्जैन ग्रीन मोबिलिटी प्लान में रखे गये 8500 करोड़ के प्रस्ताव

**2042 तक उज्जैन शहर के यातायात एवं सड़कों का होगा कायाकल्प**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड, अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी (यूएमटीसी) एवं नगर पालिक निगम के बीच एक त्रि-पक्षीय समझौता किया गया था, जिसके अंतर्गत यूएमटीसी को उज्जैन शहर का विस्तृत मोबिलिटी प्लान आगामी 20 वर्षों यानि 2042 के लिए तैयार करना है द्य मंगलवार को मेला कार्यालय में आयुक्त रोशन सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखी गयी जिसमें दिल्ली से यूएमटीसी की टीम द्वारा सभी प्रस्ताव दिखाए गये एवं उनपर विचार विमर्श किया गया द्य प्रस्ताव में 128 किलोमीटर कि चयनित सड़कों का चौडीकरण, एवं 120 नवीन सड़कों के निर्माण भी शामिल हैं द्य शहर के अंदर तीन चरणों में 353 बसों का संचालन किया जायेगा एवं 15 स्मार्ट बस स्टैंड, तपोभूमि पर 1 नवीन तकनीक का आईएसबीटी, अथवा सिंहस्थ के लिए एक अस्थायी आईएसबीटी प्रस्तावित किया गया है।




श्री महाकाल महालोक के अनावरण के बाद उज्जैन में श्रधालुओं का आवागमन 6 गुना बड़ा एवं टीम द्वारा सर्वे ये निकलकर आया की 70 प्रतिशत लोग इंदौर रोड से होकर ही उज्जैन आते हैं, इसी क्रम में देवास गेट बस स्टैंड एवं हरी फाटक से तपोभूमि तक 15 किलोमीटर का हाई डिमांड कोरिडोर प्रस्ताव दिया गया। टीम द्वारा उज्जैन रेलवे स्टेशन से त्रिवेणी संग्रालय होते हुए रामघाट से भरतरी गुफा एवं काल भैरव मंदिर तक रोपवे का प्रस्ताव भी दिया गया।

वर्तमान में ऑटो या ई-रिक्शा लेने के लिए घर से दूर मुख्य सड़क पर जाना पड़ता है, इसी समस्या को देखते हुए सदस्यों द्वारा रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के मध्य से 7 रूट का चयन किया गया एवं 9 ऑटो एवं इ-रिक्शा स्टैंड का प्रस्ताव रखा द्य कच्ची सड़कों का सर्वे कर 190 किलोमीटर पर फूटपाथ एवं 52 किलोमीटर का साइकिल ट्रैक भी प्लान में रखा।

महाकाल लोक के अतिरिक्त 2.5 किलोमीटर का रूट वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र रहेगा जिन्हें 8 स्थानों पर रोका जायेगा एवं इस क्षेत्र में केवल शासन द्वारा संचालित इ-रिक्शा एवं इ-स्कूटर ही चलेंगे द्य टीम द्वारा यह प्रस्ताव भी दिया गया की क्षिप्रा नदी के किनारे प्रमुख घाटों को छोड़कर ग्रीन बेल्ट एवं इको-मोबिलिटी कॉरिडोर बनाया जाये द्य इसके अतिरिक्त अनाज, फल, फूल एवं सब्जी मंडियों को शहर के बाहर देवास रोड पर स्थापित करना, 43 चौराहों का सुधार एवं चौड़ीकरण, 8 किलोमीटर की महाकाल मंदिर से गोपाल मंदिर एवं पुराने शहर के क्षेत्र में एकल मार्ग, 22 स्थानों पर स्मार्ट सिगनल, 37 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, एवं 17 वाहन पार्किंग का भी प्रस्ताव दिया गया द्य आने वाले 20 वर्षों में यातायात सुविधा को बढाने के लिए यूएमटीसी टीम द्वारा कुल 8500 करोड़ के प्रस्ताव टीम द्वारा अधिकारीयों के समक्ष रखे।

शहर के विकास का प्रमुख कैटेलिस्ट सुगम यातायात एवं सड़क अवसंरचना होता है, 2028 में आने वाले सिंहस्थ के अंदर ये ग्रीन मोबिलिटी प्लान कारगर साबित होगा।

**-रौशन कुमार सिंह, निगमायुक्त, नगर पालिक निगम उज्जैन**

## जी 20 के अर्बन 20 की मेयर समिट में महापौर श्री मुकेश टटवाल सम्मिलित होंगें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल कल जी 20 के तहत अर्बन 20 मेयर समिट में भाग लेने के लिए अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगें। यह समिट अहमदाबाद के महात्मा मंदिर कन्वेशन एवं एक्जिविशन सेंटर में दो दिन 7 एवं 8 जुलाई 2023 को होगी। इसमे जी 20 देशों के प्रमुख शहरों के मेयर भाग लेंगें। मध्यप्रदेश से इस समिट के लिए उज्जैन एवं इंदौर के महापौरगणों को आमंत्रित किया गया है।



समिट के तहत दिनांक 6 जुलाई को सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट सिटी (ळप्थ्ज् .ळनरतंज प्दजमतदंजपवदंस थ्पदंदबम ज्मब.ब्पजल ) का भ्रमण कराया जायेगा, दिनांक 7 जुलाई को पर्यावरणीय जिम्मेदार व्यवहार, जलवायु वित्त को बढ़ावा, कार्बोनाईजेशन को कम किया जाना, शहरी विकास में महिलाओं, युवा तथा बच्चों को मुख्यधारा में लाने सम्बन्धित विषयों पर चर्चा सत्र होगा, दिनांक 8 जुलाई को शहर की जलवायु के प्रति उत्तरदायी शहर का निर्माण, विकलांग अनुकूल शहरों को बढ़ावा देना, स्थानीय पहचान की महारथता, शहरी प्रशासन और योजना ढॉचे को नया रूप देने तथा शहरी डिजिटल भविष्य को प्रेरित किये जाने सम्बन्धी विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित होगा।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि अर्बन 20 एक सिटी डिप्लोमेटिक पहल है जो जी 20 के सदस्य राज्यों के शहरों हेतु एक साझा फ्रेमवर्क अंतर्गत वैश्विक आर्थिक, जलवायु एवं विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए जोड़ता है।

# पार्षदमद निर्माण कार्य के भुगतान त्वरित करें: आयुक्त

**जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर कार्यवाही में विलम्ब ना हो**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पार्षदमद इत्यादि के प्रचलित कार्यो और आगामी दिनों में कराए जाने वाले कार्यो के भुगतान त्वरित रूप से किये जाएंगे। निगम को भुगतान में कोई कठिनाई नहीं है, अधिकारी प्रक्रिया का पालन कर प्रकरण प्रेषित करें। यह निर्देश आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने दिये हैं। आप निगम मुख्यालय में पार्षदमद इत्यादि के अन्तर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देशित कर रहे थे। आपने कहा कि पुराने प्रकरण अक्सर विसंगतियां सामने आने या प्रकरण अपूर्ण होने के कारण भुगतान में लम्बित हो जाते हैं लेकिन वर्तमान निगम परिषद के अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर जो कार्य कराए जा रहे हैं उनमें प्रक्रिया का पालन करते हुए बिना किसी विलम्ब के कार्य कराएं और कार्य के तत्काल पश्चात भुगतान कराया जाना सुनिश्चित करें। झोनवार समीक्षा के दौरान आयुक्त ने पाया कि पार्षदगण के प्रस्ताओं सम्बंधी प्रकरणों पर कार्यपालन यंत्री और झोनल अधिकारी स्तर पर कार्यवाही लम्बित है, अनेक प्रकरण बाबू स्तर पर लम्बित है। कई प्रकरणों में निविदा समिति होना है तो अनेक प्रकरण अनुबंध और कार्य आदेश की प्रक्रिया में है।

**निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि -**

- निविदा समिति में लम्बित प्रकरणों पर गुरूवार शाम तक कार्यवाही पूर्ण करें।
- जिन प्रकरणों में अनुबंध होना हैं उनमें सूचना देने के पश्चात भी यदि अनुबंध नहीं कराया जाता तो नियमानुसार सम्बंधित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।
- अनुबंध के पश्चात कार्यादेश में विलम्ब ना करते हुए कार्य आरंभ कराया जाना सुनिश्चित करें।
- कार्य पूर्ण होने के पश्चात् बिना बिलम्ब के भुगतान प्रकरण प्रेषित करें।
- कार्य से पूर्व एवं कार्य के पश्चात के फोटोग्राफ्स अनिवार्य रूप से प्रकरण में संलग्न करें।

निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने सम्बंधित झोनल, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, झोनल अधिकारी और कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि आपको जो दायित्व दिया गया है उसके प्रति गंभीर हों, प्रकरणों को स्वयं देखें और कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रकरणों के इतनी अधिक संख्या में लम्बित होने का मतलब है आप ध्यान नहीं दे रहे है या आपकी रूचि नही है।

**जांच के निर्देश**

समीक्षा के दौरान पाया गया कि झोन क्रमांक 03 से सम्बंधित लिपिक तेजेन्दर सिंह भल्ला ने पार्षद मद की अनेक फाईलें अपने पास लम्बित रख रखी हैं निगम आयुक्त ने सख्त नाराजगी प्रकट करते हुए इनके विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, श्री आर.एस. मण्डलोई, उपायुक्त श्री सजेंश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्री तेजकरण गुनावदिया, श्रीमती कीर्ति चौहान, श्रीमती पुजा गोयल के साथ ही अन्य

# संभागायुक्त एवं आईजी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी मार्ग एवं मन्दिर परिसर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त श्री संदीप यादव, आईजी श्री संतोष कुमार सिंह, डीआईजी श्री अनिल कुशवाह, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रावण एवं भादौ माह की निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के पारम्परिक मार्ग का एवं मन्दिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को भगवान महाकाल की सवारी की तैयारियों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये।





संभागायुक्त एवं आईजी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सर्वप्रथम महाकाल लोक से शंख द्वार से होते हुए महाकाल मन्दिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों से निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की और निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के अवलोकन के बाद मन्दिर के मुख्य द्वार से ई-रिक्शा से कोट मोहल्ला चौराहा होते हुए गुदरी चौराहा से रामघाट, रामघाट से गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, खाती समाज जगदीश मन्दिर, ढाबा रोड, मावा बाजार, छत्रीचौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार सवारी मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद महाकाल लोक के कॉरिडोर में स्थित कंट्रोल रूम पहुंचकर मन्दिर परिसर एवं मन्दिर के बाहर विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने गुदरी, हरसिद्धि की पाल, रामघाट, गोपाल मन्दिर सहित समस्त सवारी मार्ग में व्यवस्थित बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्री अनुकूल जैन, एएसपी श्री आकाश भूरिया, प्रशासक श्री संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री आशीष पाठक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

भगवान श्री महाकालेश्वर की पहली सवारी 10 जुलाई को

श्रावण एवं भादौ मास में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के क्रम में प्रथम सवारी 10 जुलाई को निकाली जायेगी। द्वितीय सवारी 17 जुलाई को, तृतीय सवारी 24 जुलाई को, चतुर्थ सवारी 31 जुलाई को, 7 अगस्त को पांचवी सवारी और 14 अगस्त को छटी सवारी को निकाली जायेगी। सातवी सवारी एवं नागपंचमी पर्व सोमवार 21 अगस्त को, आठवी सवारी 28 अगस्त, नौंवी सवारी 4 सितम्बर और प्रमुख व शाही सवारी सोमवार 11 सितम्बर को निकाली जायेगी।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )